卐 श्री सदगुरू देवाय नम:卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 75 ♦पृष्ठ 8 ♦ रुद्रपुर ;ऊधमसिंहनगरद्ध ♦रविवार ♦21 दिसम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

# मंदिर पर कब्जे को लेकर रुद्रपुर में बवाल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा मार्ग पर स्थित भुज समाज के इष्ट देव चन्द्र देव मंदिर पर एक व्यक्ति द्वारा किये अरोरा की मौजूदगी में ही दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। जिससे वहां अफरा तफरी का माहौल हो गया। पुलिस दशकों पूर्व बना चन्द्र देव मंदिर है। जहां भुज समाज के लोग पूजा अर्चना करने आते हैं। आज मौके पर पहुंचे विधायक दिखाकर पुलिस को साथ लेकर मंदिर की चाबी अपने कब्जे में लेना चाह रहा है और उसने मंदिर में कुछ दबंग लोगों को बैठा





जा रहे कब्जे को लेकर आज दों पक्षों के बीच बवाल हो गया। मामले की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे विधायक शिव ने बमुश्किल दोनों पक्षों को शांत कराया। बताया जाता है कि किच्छा मार्ग पर स्थित एक भूखण्ड पर भुज समाज का कई शिव अरोरा ने बताया कि इस मंदिर पर एक भू माफिया द्वारा कब्जा किया जा रहा है। वह न्यायालय का एक आदेश दिया है। उन्होंने बताया कि भुज समाज के लोगों द्वारा इसकी सूचना दिये जाने पर वह यहां आये तो (शेष पृष्ठ सात पर)

# ज्वैलर्स शोरूम से चोरों ने उड़ाये कीमती जेवर

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मुखानी थाना क्षेत्र में एक बार फिर बड़ी चोरी की घटना सामने आने से इलाके की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। कुसुमखेड़ा स्थित राधिका ज्वेलर्स में देर रात चोरों ने सुनियोजित तरीके से घुसकर सोने-चांदी के कीमती जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार, चोरों ने दुकान के पीछे से प्रवेश किया और वारदात को अंजाम दिया। ऐसा प्रतीत होता है कि घटना से पहले स्थान की पूरी रेकी की गई थी, क्योंकि चोरी के दौरान किसी प्रकार की आवाज या बाधा नहीं हुई। सुबह दुकान खुलने पर चोरी की जानकारी मिलने पर मुखानी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। फोरेंसिक टीम (शेष पृष्ठ सात पर)




# सड़क हादसे में घायल स्कूटी सवार ने तोड़ा दम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शुक्रवार की देर रात घने कोहरे के बीच खटीमा के तिगड़ी चौराहा पर सड़क किनारे खड़ी जेसीबी की टक्कर से घायल हुए स्कूटी सवार युवक की आज प्रात: यहां एक निजी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार ग्राम नदन्ना चकरपुर निवासी 35 वर्षीय कृष्ण बहादुर पुत्र राजेन्द्र सिंह शक्रवार की देर रात्रि स्कूटी पर सवार होकर घर वापस जा रहा था। मार्ग में तिगड़ी चौराहा पर घने कोहरे के बीच उसकी स्कूटी की सड़क किनारे खड़ी जेसीबी से भिड़न्त हो गई। इस दुर्घटना में कृष्ण बहादुर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद कृष्ण बहादुर को 108 एम्बुलेंस से उपचार के लिए सरकारी चिकित्सालय ले जाया गया। जहां उसकी हालत में सुधार न होते देख चिकित्सकों ने उसे अन्यत्र रैफर कर दिया। परिजन कृष्ण को गंभीर हालत में उपचार के लिए यहां एक निजी चिकित्सालय में लेकर आये। जहां आज प्रात: उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर बगवाड़ा चौकी पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# हरश्रीनाथ मंदिर झंडेवाला के भक्तों ने दिल्ली में एमसीडी-डीडीए की कार्रवाई का किया विरोध

किच्छा(उद संवाददाता)। दिल्ली में हर श्रीनाथ मंदिर झंडेवाला की भूमि पर एमसीडी और डीडीए द्वारा तोड़फोड़ और कब्जा करने के विरोध में स्थानीय हर श्रीनाथ मंदिर समिति एवं भक्तों ने जोरदार प्रदर्शन और भजन- कीर्तन के माध्यम से अपना रोष प्रकट किया। मंदिर परिसर के मुख्य द्वार पर एकत्रित भक्तों ने विरोध स्वरूप हरि भजन किया और पदयात्रा निकालते हुए आवास विकास क्षेत्र में घूमकर पुन: हर श्रीनाथ मंदिर पर पहुँचकर प्रदर्शन समाप्त किया। मंदिर समिति का कहना है कि 29 नवंबर को दिल्ली स्थित मंदिर परिसर की भूमि पर एमसीडी और डीडीए ने कब्जा कर लिया, जबकि यह भूमि मंदिर समिति की अधिकृत संपत्ति है। इस भूमि पर भक्तों के लिए धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। समिति के सदस्य प्रकाश अरोड़ा ने प्रेस वार्ता में कहा कि एक ओर भाजपा की सरकार सनातन धर्म को बढ़ावा देने की बात कर रही है, वहीं दूसरी ओर मंदिर परिसरों की भूमि पर अतिक्रमण और तोड़फोड़ की जा रही है, जो निंदनीय है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट से भी वार्ता की गई है और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता तथा अन्य केंद्रीय नेताओं से संपर्क कर मंदिर भूमि वापस दिलाने की मांग (शेष पृष्ठ सात पर)



# फर्जी बीएलओ बताकर कनिष्ठ सहायक को पीटा

काशीपुर। एसआईआर कार्य हेतु मोहल्ला महेशपुरा में पहुंचे एक बीएलओ से गाली गलौज करते हुए मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला आदर्श नगर मुरादाबाद रोड काशीपुर निवासी यश चौहान पुत्र स्वर्गीय हेतराम सिंह ने बताया कि गवर्नमेंट इंटर कॉलेज प्रतापपुर में वह कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत है। बीते 20 दिसंबर को वह मोहल्ला महेशपुरा में वर्ष 2003 की वोटर लिस्ट से 2025 की (शेष पृष्ठ सात पर)

# कार और बाइक की भिड़ंत में युवक गंभीर

रामनगर(उद संवाददाता)। रामनगर-काशीपुर नेशनल हाईवे 309 पर एक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तुरंत रामनगर स्थित रामदत्त संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक सवार गलत दिशा से तेज गति में आ रहा था, तभी सामने से आ रही स्कोडा कार से उसकी सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कोडा कार के आगे और पीछे दोनों एयरबैग खुल गए। इस दुर्घटना के कारण हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात को सुचारु किया गया। पुलिस आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ कर रही है और हादसे के कारणों की जांच जारी है। स्कोडा कार का नंबर 25 बीएच 0646 छ और बाइक का नंबर आरजे 01ईएस 0280 बताया गया है। पुलिस इन नंबरों के आधार पर आगे की आवश्यक कार्रवाई कर रही है। रामनगर-हल्द्वानी और रामनगर-काशीपुर नेशनल हाईवे पर (शेष पृष्ठ सात पर)



# दस हजार का इनामी बदमाश पिन्टू गिरफ्तार

रूच्द्रपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर मणिकांत मिश्रा के सख्त निर्देशों के क्रम में जनपद पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। कोतवाली गदरपुर पुलिस और एसओजी रुद्रपुर की संयुक्त टीम ने 10 हजार रुपये के इनामी और फरार चल रहे शातिर अपराधी करनैल सिंह उर्फ पिन्टू रोढ़ी को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त लंबे समय से जानलेवा फायरिंग के एक मामले में फरार चल रहा था।गौरतलब है कि थाना गदरपुर क्षेत्र में 15 मई 2025 को दिनदहाड़े उस समय हड़कंप मच गया था, जब ग्राम कलकत्ता निवासी बलविंदर सिंह पर जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायरिंग की गई थी। इस हमले में बलविंदर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसकी हालत नाजुक बनी रही। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए थे। इस संबंध में पीड़ित के भाई बलजीत सिंह पुत्र सोला सिंह की तहरीर पर थाना गदरपुर में अभियुक्त करनैल सिंह उर्फ पिन्टू रोढ़ी एवं उसके साथी गुरबाज सिंह उर्फ मानू के खिलाफ मुकदमा संख्या 130/2025 विभिन्न गंभीर धाराओं में दर्ज किया गया था। (शेष पृष्ठ सात पर)



# भाजपा के ऑफिशियल पेज से जारी एआई वीडियो पर घमासान

## गणेश गोदियाल बोले-बौखलाहट में मुद्दों से ध्यान भटका रही भाजपा

देहरादून।उत्तराखंड भारतीय जनता पार्टी के आधिकारिक सोशल मीडिया पेज से जारी एक कथित एआई वीडियो को लेकर प्रदेश की राजनीति में तीखा विवाद खड़ा हो गया है। वीडियो में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को निशाना बनाए जाने के बाद कांग्रेस ने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों और व्यक्तिगत गरिमा पर सीधा हमला बताया है। मामले को लेकर कांग्रेस आक्रामक रुख अपनाते हुए भाजपा पर गंभीर आरोप लगा रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने बीते 50 से 55 वर्षों में प्रदेश और देश के लिए जो सेवाएं दी हैं, यह वीडियो उन पर सीधा अपमानजनक हमला है। उन्होंने कहा कि यह केवल कांग्रेस पार्टी का नहीं, बल्कि हरीश रावत की व्यक्तिगत प्रतिष्ठा और सम्मान से जुड़ा मामला है। गोदियाल ने स्पष्ट किया कि हरीश रावत इस पूरे प्रकरण में कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसी सरकार से निष्पक्ष पुलिस कार्रवाई की उम्मीद करना कठिन है। उन्होंने कहा धामी की सरकार से यह उम्मीद करना कि उनकी पुलिस न्याय करेगी, मुझे नहीं लगता कि ऐसा होगा। गणेश गोदियाल ने अपने पुराने अनुभवों का हवाला देते हुए कहा कि वर्ष 2022 के विधानसभा और लोकसभा चुनावों के दौरान भी उन पर झूठे आरोप लगाए गए थे, लेकिन आज तक न तो उनकी कोई गवाही हुई और न ही जांच किसी निष्कर्ष तक पहुंची। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हालात इस हद तक बिगड़ चुके हैं कि भाजपा अब अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पेज के माध्यम से भी भ्रामक और झूठी सामग्री प्रसारित कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि एआई वीडियो में कांग्रेस नेताओं के ऐसे बयान दिखाए जा रहे हैं, जो उन्होंने कभी दिए ही नहीं। गोदियाल ने कहा कि पहले भाजपा इस तरह की गतिविधियां फर्जी सोशल मीडिया पेजों के जरिए करती थी, लेकिन अब ऑफिशियल पेज से ही ऐसा किया जा रहा है, जो बेहद खतरनाक प्रवृत्ति है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा जानती है कि प्रदेश की जनता अब असली मुद्दों-रोजगार, स्वास्थ्य और भ्रष्टाचार पर सवाल पूछने लगी है। इसी डर से भाजपा जाति और धर्म की राजनीति कर कांग्रेस नेताओं पर अनावश्यक हमले कर रही है। उन्होंने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि जो लोग आज देशभक्ति का दावा कर रहे हैं, उनका आजादी की लड़ाई में इतिहास जगजाहिर है। 1857 की क्रांति से लेकर 1947 तक के स्वतंत्रता संग्राम में उनका दोहरा चरित्र सामने रहा है। गोदियाल ने कहा कि 'सबका कल्याण' के सिद्धांत पर (शेष पृष्ठ सात पर)





# सेतु आयोग बनेगा उत्तराखण्ड विकास का थिंक टैंकः मुख्य सचिव

## नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन और पर्वतीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने पर दिया जोर

देहरादून। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने गुरुवार देर सायं सेतु आयोग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आयोग में कार्यरत विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों के साथ राज्य के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन चर्चा की। मुख्य सचिव ने कहा कि सेतु आयोग उत्तराखण्ड के समग्र विकास में राज्य सरकार के थिंक टैंक के रूप में कार्य करेगा और नीतिगत निर्णयों को अधिक प्रभावी बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य के सभी विभागों को अपनी नीतियों और कार्यक्रमों पर सेतु आयोग के साथ मंथन करने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि आयोग अध्ययन कर यह स्पष्ट करे कि किस विभाग की किस नीति में क्या सुधार या परिवर्तन आवश्यक है, ताकि नीतियों का अधिकतम लाभ जनता तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि कोल्ड वाटर फिशरीज उत्तराखण्ड की विशिष्ट पहचान (यूएसपी) है और इस क्षेत्र को पर्वतीय इलाकों की आर्थिकी से जोड़ने के लिए ठोस अध्ययन किया जाना चाहिए। इसके



साथ ही उन्होंने वन आर्थिकी को सुदृढ़ करने तथा पर्वतीय क्षेत्रों की वर्षा आधारित कृषि को सुनिश्चित और लाभकारी कृषि में परिवर्तित करने के लिए शोध एवं नवाचार पर भी बल दिया। मुख्य सचिव ने कहा कि सेतु आयोग के अंतर्गत राज्य को एक मजबूत विशेषज्ञ टीम उपलब्ध हुई है। इस विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए राज्य की शोध क्षमता को और अधिक सशक्त किए जाने की आवश्यकता है, जिससे विकास योजनाएं अधिक वैज्ञानिक, व्यावहारिक और परिणामोन्मुख बन सकें। इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव श्री श्रीधर बाबू अद्दांकी, उपाध्यक्ष सेतु आयोग श्री राजशेखर जोशी सहित सेतु आयोग से जुड़े विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

# प्रत्येक जनपद में वन्यजीव नसबन्दी केन्द्र की होगी स्थापनाः सीएम

## वन्य जीवों के खोले जाएंगे रेस्क्यू व रिहैबीलीटेशन सेण्टर

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्य में मानव वन्य जीव संघर्ष के मामलों को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस चुनौती से निपटने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए जाने की घोषणा की है। जिसके तहत सोलर फेंसिंग एवं सेंसर बेस्ड अलर्ट सिस्टम स्थापित किया जाएगा। साथ ही आधुनिक वन्यजीव बंध्याकरण (नसबंदी) केन्द्र एवं जिलों में रिहैबिलिटेशन सेंटर खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि राज्य में मानव जीवन संघर्ष के कई मामले सामने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा उत्तराखण्ड राज्य के उन क्षेत्रों में जहाँ वन्य जीव जैसे हाथी, नीलगाय, भालू, गुलदार एवं बंदर आदि के द्वारा कृषि एवं उद्यान फसलों, भौतिक अवस्थापनाओं, मानव जीवन आदि की क्षति की जाती है, वहाँ चरणवार एवं योजनाबद्ध रूप में सोलर फेंसिंग एवं सेंसर बेस्ड अलर्ट सिस्टम से सुरक्षा तंत्र विकसित कर मानव वन्य जीव संघर्ष को कम करने के लिए



प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन्य जीव लंगूर, बन्दर, सुअर, भालू आदि के जनसंख्या नियंत्रण के लिए प्रत्येक जनपद में वन विभाग के अंतर्गत आधुनिक वन्यजीव बंध्याकरण (नसबन्दी) केन्द्र की स्थापना की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा प्रदेश के समस्त जनपदों में मानव, वन्य जीव संघर्ष में चिन्हित वन्य जीवों के रेस्क्यू व रिहैबीलीटेशन सेण्टर खोले जायेंगे। इस हेतु पर्वतीय वन क्षेत्र में न्यूनतम 10 नाली व मैदानी वन क्षेत्र में न्यूनतम 1 एकड़ भूमि आरक्षित की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उपरोक्त सभी कार्यों की आवश्यकता को देखते हुए इन्हें शीर्ष प्राथमिकता से किया जाएगा एवं 2 सप्ताह की अवधि में उक्त योजनाओं को क्रियान्वित करने की रणनीति प्रस्तुत की जाएगी। उन्होंने कहा इसके लिए वन विभाग को जाल, पिंजरा, ट्रेकुलाईजेशन गन आदि संसाधन की उपलब्धता के लिए ध 5 करोड़ की अतिरिक्त धनराशि की व्यवस्था की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव वन्यजीव संघर्ष के प्रभावी रोकथाम हेतु केन्द्रीय वन्य जीव अधिनियम के सुसंगत प्राविधानों में हिंसक जीवों को निषिद्ध करने हेतु अधिकारों के विकेन्द्रीकरण कर वन विभाग के रेंजर स्तर के अधिकारियों को सशक्त बनाया जाएगा।इस हेतु नियमों में आवश्यकतानुसार संशोधन किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री भूपेंद्र यादव से भी गत दिवस वार्ता हुई है।

# विभिन्न न्याय पंचायतों में हुआ शिविरों का आयोजन

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार संचालित 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अभियान के चौथे दिन शनिवार को राज्य की विभिन्न न्याय पंचायतों में शिविरों का आयोजन कर हजारों ग्रामीणों को जन-कल्याणकारी योजनाओं एवं विभिन्न सरकारी सेवाओं से लाभान्वित किया गया। शनिवार को अभियान के तहत उत्तरकाशी जिले के हिमाचल से सटे आराकोट से लेकर सीमांत पिथौरागढ़ जिले तक राज्य में अनेक दूरस्थ न्याय पंचायतों में शिविर आयोजित हुए। अभियान के तहत अब तक पन्द्रह हजार से अधिक लोगों को लाभान्वित कर चार हजार से अधिक जन शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। चंपावत जिले में शनिवार को चौड़ीराय तथा खर्ककार्की में बहुउद्देशीय शिविरों को आयोजन हुआ। लोहाघाट ब्लॉक की न्याय पंचायत भुमलाई के अंतर्गत चौड़ीराय में आयोजित शिविर में जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार ने ग्रामीणों के साथ संवाद किया। शिविर में 557 से अधिक प्रकरण प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 450 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। अल्मोड़ा जिले में अभियान में तहत न्याय पंचायत लिंगुड़ता और बासोट में शिविरों का आयोजन कर 1476 ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। डीएम श्री अंशुल सिंह की अध्यक्षता मे आयोजित इस शिविर में 858 लोगो को लाभन्वित किया गया, जबकि बासोट में आयोजित शिविर से 618 नागरिकों को विभिन्न विभागीय सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ मिला। नैनीताल जिले में विकास खण्ड बेतालघाट में बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 340 से अधिक ग्रामीण लाभान्वित हुए तथा 75 जनसमस्याएं दर्ज कर 55 मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।बागेश्वर जिले में न्याय पंचायत देवलधार के रा. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चौंगांव छीना तथा न्याय पंचायत गुरना के जूनियर स्कूल में शिविर आयोजित किए गए। इस दौरान 800 से अधिक लोगों ने विभिन्न विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त किया।पिथौरागढ जिले में शनिवार को चार न्याय पंचायतों में अभियान चला, जिसके तहत पिथौरागढ ब्लॉक की न्याय पंचायत नैनी व सटगल (मलान) में तथा मूनाकोट ब्लॉक की न्याय पंचायत गाड़गांव का शिविर रा.इ.का. मड़मानले एवं न्याय पंचायत कुमलतानाघर पंचायतघर विपुल में शिविर आयोजित किए गए। अभियान के तहत जिलाधिकारी श्री आशीष भटगांई की अध्यक्षता में पंचायतघर मलान में आयोजित शिविर में लगभग 700 ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। ऊधमसिंहनगर जिले के गदरपुर ब्लॉक के न्याय पंचायत बराखेड़ा में आयोजित शिविर में लगभग 673 लोगों को लाभ प्रदान किया गया। शिविर में कुल 490 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 50 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमे से 26 का निस्तारण मौके पर ही करते हुए शेष 24 शिकायतों को अग्रेतर कार्रवाई के लिए प्रेषित कर दिया गया। उत्तरकाशी जिले में शनिवार को सुदूरवर्ती विकास खंड मोरी के आराकोट में जिलाधिकारी श्री प्रशांत आर्य की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में800 से अधिक लोगों को लाभन्वित किया गया। 126 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।





# खेलों से मिलता है अनुशासन, स्वास्थ्य और तनावमुक्त जीवनः धामी

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि शासकीय कार्यों की व्यस्तता के बीच कार्मिको द्वारा खेल गतिविधियों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि खेल जीवन में अनुशासन लाने के साथ-साथ तनाव को दूर करता है और शरीर को स्वस्थ रखता है। उन्होंने कहा कि निरोगी रहना मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है और खेल इस दिशा में सबसे प्रभावी माध्यम है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि अन्तर्विभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता भविष्य में भी अनवरत रूप से आगे बढ़ती रहेगी और कर्मचारियों-अधिकारियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगी। इन विचारों के साथ मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को बहुउद्देशीय क्रीड़ा हॉल, परेड ग्राउंड, देहरादून में उत्तराखण्ड सचिवालय बैडमिंटन क्लब द्वारा आयोजित 10वीं अन्तर्विभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 2025 का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वयं बैडमिंटन खेलकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भी किया। प्रतियोगिता में राज्य के 42 विभागों के कर्मचारी एवं अधिकारी प्रतिभाग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड हर क्षेत्र में देश के सामने एक उदाहरण बनकर उभर रहा है। राज्य परिवर्तन की ओर अग्रसर है और नवाचारों, ऐतिहासिक निर्णयों तथा जनहितकारी नीतियों के माध्यम से विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। हाल ही में उत्तराखंड में पहली बार राष्ट्रीय खेलों का सफल आयोजन किया गया, जिससे राज्य में खेल अवसंरचना और सुविधाओं का उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में खेलों को प्रोत्साहित कर राज्य को 'खेल भूमि' के रूप में विकसित करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि युवा प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष श्री हीरा सिंह बसेड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं का तेजी से विकास हो रहा है। खिलाड़ियों को निरंतर प्रोत्साहन और बेहतर संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे उत्तराखंड एक उभरती हुई खेल महाशक्ति के रूप में पहचान बना रहा है। इस अवसर पर विधायक खजान दास, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष हीरा सिंह बसेड़ा, प्रमोद कुमार, भूपेंद्र बसेड़ा, जे. पी. मैखुरी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।





# गोद लिए गए 13 टीबी रोगियों को मासिक पोषण किट वितरित

देहरादून (उद संवाददात)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम तहत गोद लिए गए 13 टीबी रोगियों को मासिक पोषण किट वितरित की। इस अवसर पर राज्यपाल ने रोगियों से व्यक्तिगत बातचीत कर उनकी कुशलक्षेम पूछी और उन्हें उपचार के दौरान नियमित पौष्टिक आहार और संतुलित जीवन शैली अपनाने की सलाह दी। राज्यपाल द्वारा अब तक गोद लिए गए 70



टीबी रोगी पूरी तरह स्वस्थ होकर टीबी मुक्त हो चुके हैं। इस महत्वपूर्ण पहल को आगे बढ़ाते हुए, उन्होंने 13 और टीबी रोगियों को गोद लिया, जिन्हें आज मासिक पोषण किट प्रदान की गई। इस अभियान के तहत अब तक कुल 83 रोगियों को राज्यपाल ने नि:क्षय मित्र बनकर गोद लिया है। राज्यपाल ने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रदेश को टीबी मुक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि यदि प्रत्येक व्यक्ति एक टीबी रोगी का नि:क्षय बनकर उसके इलाज और पोषण में सहयोग करे, तो हम इस दिशा में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त कर सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर प्रयास करना होगा। यह अभियान हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसे हम सब मिलकर सफल बनाएंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. महावीर सिंह, डॉ. ए.के. सिंह एवं डॉ. इशिता आर्या भी उपस्थित रही।

# काशीपुर: जहां सफल ही नहीं हुआ कभी कोई अभियान

-मनोज श्रीवास्तव-

## सिस्टम में खोट या फिर अभिशप्त है व्यवस्था

काशीपुर। नगर की साफ सफाई हो या नीम हकीमी, शिक्षा अभियान हो, ई रिक्शा सत्यापन, राशन कार्डों के सत्यापन, पौधारोपण, पॉलीथिन उन्मूलन अभियान, ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार हो या फिर हेलमेट का प्रयोग इसे विडंबना कहें या फिर कुछ और लेकिन सत्यता यही है कि काशीपुर में पिछले दो दशक के दौरान शासन प्रशासन अथवा नगर निगम की टीम द्वारा चलाया गया कोई भी अभियान सफल ही नहीं हुआ अलबत्ता अभियान के नाम पर जिम्मेदार लोगों के कायाकल्प जरूर हो गए। देखा जाए तो शहर के विकास व स्वरूप में यह एक ऐसा रोड़ा है जिसके हटाए बिना स्वच्छ सुंदर व अनुशासित शहर की हम कल्पना नहीं कर सकते। यहां सब कुछ मनमानी है। पुलिस अथवा यातायात पुलिस के जवान किसी भी पॉइंट पर खड़े होकर वाहनों की चेकिंग अथवा चालान करते देखे जा सकते हैं। मजे की बात तो यह है कि जिन अनियमितताओं के आरोप में वर्षों से संयोजन शुल्क वसूल किया जा रहा है वह आज भी जस की तस है। अनौपचारिक मुलाकात में ट्रैफिक के एक अधिकारी ने बताया कि अब तक कुल 10 प्रतिशत दो पहिया वाहन चालक ही हेलमेट का इस्तेमाल कर रहे हैं बाकी के 90 प्रतिशत का कोई पुरसाहाल नहीं। यानी पिछले 5 वर्षों में अकेले हेलमेट के प्रयोग के नाम पर करोड़ों रुपए संयोजन शुल्क के रूप में वसूल किये जा चुके हैं लेकिन यहां वाहन चालकों में सुरक्षा को लेकर जागरूकता का आज भी अभाव है। इसी तरह पॉलीथिन उन्मूलन अभियान स्पीड पकड़ने से पूर्व ही यहां औंधे मुंह धड़ाम हो गया। साप्ताहिक हाट बाजारों से लेकर सब्जी की बाजार हो, दूध दही की दुकानें हो अथवा छोटे से बड़े प्रतिष्ठान किराना आदि की दुकानें प्रतिबंधित पॉलीथिन का धड़ल्ले से प्रयोग जारी है। सफाई व्यवस्था की बात करें तो नगर क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्थानों पर जमा कचरे के ढेर से उठ रही बदबूदार सड़ांध व चोक नालियां अपनी कहानी आप कह रहे हैं। ऐसे ही गैर राज्यों से आकर यहां किराए की जिंदगी बसर करने वालों, कोठियों होटल ढाबों में काम करने वालों खानाबदोश या फिर भिक्षाटन जीवकोपार्जन करने वाले अधिकांश लोगों का डिटेल पुलिस के पास मौजूद नहीं है। सुरक्षा के लिहाज से देखा जाए तो यह बेहद गंभीर विषय है। इसी तरह यातायात व्यवस्था पर गौर किया जाए तो ट्रिपल राइडिंग, बगैर हेलमेट, दोष पूर्ण नंबर प्लेट/बगैर नंबर प्लेट, बगैर ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस, पटाखा बुलेट जैसी खामियों से परिपूर्ण तमाम वाहन सड़कों पर फर्राटा भरते देखे जा सकते हैं।

## ई रिक्शा और अवैध अतिक्रमण बने नासूर

काशीपुर। अवैध अतिक्रमण शहर की प्रमुख समस्याओं में एक है। इसके कारण यहां की यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित है। जानकारों का मानना है कि ई रिक्शा को सिस्टमैटिक करने के साथ ही यदि अवैध अतिक्रमण को समूल खत्म कर दिया जाए तो शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार देखा जा सकता है। मुरादाबाद रोड पर हाईवे को पार्किंग में तब्दील कर दिया गया। जिम्मेदार अधिकारियों के यही आस-पास कार्यालय है या फिर इसी मार्ग से होकर दिन में कई बार आवागमन है लेकिन इसके बाद भी अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सार्थक कार्यवाही नहीं की जा रही है। इसी तरह दर्जनों स्थानों पर सरकारी संपत्तियां अवैध अतिक्रमण की चपेट में हैं। इस बारे में खबरें पूर्व में प्रमुखता से प्रकाशित की गई लेकिन रसूख के दम पर अतिक्रमणकारी खुद को बचाने में कामयाब हो जाते हैं।

# जिला आपदा प्राधिकरण कार्यालय का किया निरीक्षण

## अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने दिए शीतलहर से लेकर बाढ़ प्रबंधन तक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (क्रियान्वयन), उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, देहरादून राजकुमार नेगी ने शनिवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यालय का निरीक्षण कर आपदा प्रबंधन से जुड़े विभिन्न पहलुओं एवं वर्तमान में संचालित गतिविधियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में कार्यरत जनपद स्तरीय विभिन्न एजेंसियों के साथ विस्तृत परिचर्चा भी की।निरीक्षण के दौरान श्री नेगी ने जिला आपदा कंट्रोल रूम के वायरलेस ऑपरेटिंग सिस्टम का जायजा लिया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी द्वारा पीपीटी के माध्यम से शीतलहर से निपटने की तैयारियों एवं समग्र आपदा प्रबंधन व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। साथ ही आपदा प्रबंधन को और



अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभागीय ढांचे के अंतर्गत सृजित रिक्त पदों को शीघ्र भरे जाने के प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई।अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने जानकारी दी कि राज्य के सभी जनपदों में 28 टीईओसी सेंटर स्थापित किए जाने तथा 76 बोलेरो वाहनों के आवंटन की प्रक्रिया गतिमान है। इसके अतिरिक्त, समस्त जनपदों में शासन की आईआरएस एक्सपर्ट टीम द्वारा शीघ्र ही आईआरएस प्रणाली का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिवादन में कोई बाधा न आए।प्रभारी अधिकारी आपदा प्रबंधन/ओसी श्री गौरव पाण्डेय ने अवगत कराया कि जनपद बाढ़ प्रभावित एवं बाढ़ संभावित श्रेणी में आता है, जहां मानसून के दौरान कई क्षेत्रों में जलभराव एवं बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने बताया कि मानसून से पूर्व सिंचाई विभाग द्वारा नदियों में चौनलाइजेशन एवं रिवर ड्रेजिंग का कार्य कराया जाता है, किंतु न्यूनीकरण मद में अपर्याप्त धनराशि उपलब्ध होने के कारण कुछ नदियों की सफाई शेष रह जाती है। उन्होंने शासन स्तर से न्यूनीकरण मद एवं सिंचाई विभाग के बजट में अतिरिक्त धनराशि आवंटित किए जाने का अनुरोध किया, ताकि मानसून के दौरान बाढ़ एवं जलभराव की स्थिति से बचा जा सके।बैठक में अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डेय, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी, मुख्य शिक्षा अधिकारी के.एस. रावत, असिस्टेंट कमांडेंट एनडीआरएफ आर.एस. धपोला, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी नवीन कुमार सिंह, मुख्य अग्निशमन अधिकारी ईशान कटारिया, अधिशासी अभियंता पेयजल निगम सुनील जोशी, अधिशासी अभियंता सिंचाई बी.एस. डांगी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आशुतोष जोशी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध कब्जों पर गरजा निगम का बुलडोजर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर में प्रशासनिक, पुलिस व निगम अधिकारियों द्वारा बार बार सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने वाले अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देने और



जुर्माना लगाए जाने के बाद भी व्यवस्थाओं में अपेक्षित सुधार सामने न आने पर बढ़ते अवैध कब्जों के विरुद्ध नगर निगम और जिला प्रशासन ने संयुक्त अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान आईटीआई रोड तथा क्रियाशाला रोड के किनारे लंबे समय से बने अनधिकृत निर्माणों को हटाने के लिए बुलडोजर का उपयोग किया गया, जिससे इलाके में अतिक्रमणकारियों में अफरा-तफरी का माहौल रहा।अभियान में सड़क के दोनों ओर बनी कई अस्थायी एवं स्थायी दुकानों को ढहाया गया। साथ ही, अवैध रूप से खड़े ठेले-रेहड़ी को जब्त कर लिया गया। अधिकारियों के अनुसार, आईटीआई के निकट कुछ दुकानों में गैरकानूनी तरीके से मदिरा परोसने की शिकायतें लगातार आ रही थीं, जिसके आधार पर यह कदम उठाया गया। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि बार बार नोटिस जारी करने तथा चेतावनी देने के बाद भी कब्जाधारियों द्वारा निर्माण नहीं हटाने पर यह ध्वस्तीकरण एवं जब्ती की गई। मौके पर तैनात नगर मजिस्ट्रेट परितोष वर्मा और सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान ने कब्जाधारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अब किसी प्रकार के अनधिकृत कब्जे करने वालों पर कठोर कानूनी कदम उठाए जाएंगे। शहर को कब्जा-मुक्त बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान भविष्य में भी चलते रहेंगे।

# पीलीभीत में पहली महिला जिलाध्यक्ष नियुक्त

हल्द्वानी। पत्रकार प्रेस परिषद ने अपने संगठनात्मक विस्तार के तहत कई महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ की हैं। राष्ट्रीय सचिव, उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं उत्तराखंड अध्यक्ष अशोक गुलाटी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि संगठन में पहली बार पीलीभीत जनपद की अध्यक्ष के रूप में श्रीमती ममता शील को नियुक्त किया गया है। इस निर्णय से मातृशक्ति को नई ऊर्जा मिलेगी और युवा महिला पत्रकारों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा परिषद ने जनपद बरेली मंडल अध्यक्ष के रूप में सौरभ सक्सेना, बदायूं जनपद अध्यक्ष के रूप में अभिनव मिश्रा, पीलीभीत तहसील अध्यक्ष के रूप में अमन कुमार, कालाढूंगी (नैनीताल) तहसील अध्यक्ष के रूप में मुस्तजर फारूकी, हल्द्वानी तहसील अध्यक्ष के रूप में समी आलम तथा हल्द्वानी तहसील महामंत्री के रूप में आरिश सिद्दीकी को नियुक्त किया है। अशोक गुलाटी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के तीन महत्वपूर्ण जनपद बरेली, पीलीभीत और हरदोई में नए युवा



पत्रकारों को स्थान दिया गया है। इसके अलावा नैनीताल जनपद की दो प्रमुख तहसीलों में अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर कार्यकारिणी बनाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि संगठन का महा अधिवेशन 21 और 22 जनवरी को दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। अधिवेशन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं और इसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। अशोक गुलाटी ने कहा कि नवनियुक्त उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार पांडे के नेतृत्व में संगठन मजबूती से अग्रणी भूमिका निभाएगा। वहीं, राष्ट्रीय अध्यक्ष आसिफ अली, उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नदीम हुसैन, उत्तराखंड सचिव उर्व भट्ट और उत्तराखंड सचिव मोहम्मद यासीन ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी है।

# महापौर की पहल से व्यापारी ने बंद की तम्बाकू उत्पादों की बिक्री

रुद्रपुर। नगर को स्मार्ट सिटी के साथ-साथ स्वस्थ और नशामुक्त बनाने की दिशा में महापौर विकास शर्मा की पहल लगातार रंग ला रही है। महापौर के आग्रह पर आरटीओ कार्यालय के समीप एक कारोबारी ने अपनी दुकान पर सिगरेट और तम्बाकू उत्पादों की बिक्री पूरी तरह बंद कर दी। इतना ही नहीं व्यापारी ने स्वयं भी धूम्रपान छोड़ने का संकल्प लेकर समाज के सामने एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है। महापौर विकास शर्मा ने इस सराहनीय निर्णय के लिए संबंधित कारोबारी को पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया और आमजन से इस पहल से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।दरअसल, स्टेडियम रोड पर आरटीओ कार्यालय के पास मनोज शर्मा नाम के व्यापारी पिछले कई वर्षों से चाय-नाश्ते की दुकान चला रहे हैं। उनकी दुकान पर पहले सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद भी बेचे जाते थे। महापौर विकास शर्मा जब नियमित मॉर्निंग वॉक के लिए स्टेडियम जाते थे, तो उन्होंने कई बार देखा कि लोग दुकान के बाहर सड़क किनारे धूम्रपान और तम्बाकू उत्पादों का सेवन कर रहे हैं, जिससे न केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा था, बल्कि कानून का भी उल्लंघन हो रहा था। इस पर महापौर ने मनोज शर्मा से संवाद किया और उन्हें सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान एवं तम्बाकू उत्पादों के उपयोग पर प्रतिबंध से जुड़े कानून की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए तम्बाकू उत्पादों की बिक्री बंद करने और स्वयं भी धूम्रपान छोड़ने का आग्रह किया।महापौर के इस अनुरोध को गंभीरता से लेते हुए मनोज शर्मा ने अपनी दुकान से सिगरेट और सभी प्रकार के तम्बाकू उत्पाद हटा दिए। इसके साथ ही उन्होंने खुद भी धूम्रपान न करने का संकल्प लिया। उनके इस निर्णय को



समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक मजबूत कदम मानते हुए महापौर विकास शर्मा अपनी टीम के साथ उनकी दुकान पर पहुंचे और उन्हें पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया। महापौर ने यह भी घोषणा की कि आगामी दिनों में नगर निगम के किसी आधिकारिक कार्यक्रम में उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।इस अवसर पर महापौर ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल शहर को स्मार्ट बनाना ही नहीं, बल्कि उसे स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाना भी है। उन्होंने कहा कि नशा स्वास्थ्य का सबसे बड़ा दुश्मन है और इससे बचाव के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा। महापौर विकास शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे "नशामुक्त देवभूमि अभियान" को नगर निगम पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर न्यायालय द्वारा स्पष्ट प्रतिबंध लगाया गया है, लेकिन इसके बावजूद कई लोग या तो कानून से अनभिज्ञ हैं या जानबूझकर इसका उल्लंघन करते हैं।महापौर ने स्पष्ट किया कि आने वाले दिनों में नगर निगम सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान को लेकर सख्ती बरतेगा। साथ ही कुछ ऐसे स्थान भी चिन्हित किए जाएंगे, जहां नियमानुसार धूम्रपान की अनुमति होगी। इसके अतिरिक्त, नगर निगम द्वारा नशे के दुष्प्रभावों को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। महापौर ने मनोज शर्मा के निर्णय को साहसिक और प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि यदि समाज का हर नागरिक इस तरह जिम्मेदारी निभाए, तो नशामुक्त और स्वस्थ शहर का सपना अवश्य साकार होगा। इस मौके पर हर-हर महादेव संस्था से जुड़े सदस्यों ने महापौर की पहल का स्वागत करते हुए उनकी मुहिम में हरसंभव सहयोग करने और जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। महापौर ने कहा कि सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी से ही ऐसे अभियानों को सफलता मिलती है। इस अवसर पर समाजसेवी जे.बी. सिंह, प्रवेश साहनी, प्रमोद मित्तल, मुकेश शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नोएडा में आयोजित उत्तराखंड महाकौथिक में पहुंचे सीएम धामी

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश में पर्वतीय सांस्कृतिक संस्था द्वारा आयोजित 15वें उत्तराखंड महाकौथिक, नोएडा में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रवासी उत्तराखंडी नागरिक, कलाकार, युवा एवं महिलाएं उपस्थित प्रवासी उत्तराखंडी राज्य की संस्कृति के सच्चे ब्रांड एम्बेसडर हैं, जो राज्य से दूर रहकर भी अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत 15 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहा उत्तराखंड महाकौथिक लोक कला, लोक संगीत, पारंपरिक विरासत और पहाड़ी उत्पादों को व्यापक पहचान दिलाने का एक और पहाड़ी व्यंजनों के साथ-साथ जागर, बेड़ा, मांगल, खुदेड़, छोपाटी जैसे लोकगीतों तथा छोलिया, पांडव और झोड़ा-छपेली जैसे लोकनृत्यों के माध्यम से उत्तराखंड की जीवंत लोकसंस्कृति के विविध रूप सजीव रूप में देखने को मिलते हैं। उन्होंने कहा कि इस आयोजन की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए मोदी के नेतृत्व में एक ओर देश की सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर 'वोकल फॉर लोकल' और 'मेक इन इंडिया' जैसी पहलों के माध्यम से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सशक्त किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार देवभूमि उत्तराखंड को रेल परियोजना जैसी योजनाओं से राज्य के बुनियादी ढांचे को नई मजबूती मिल रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 'एक जनपद, दो उत्पाद', 'हाउस ऑफ हिमालयाज', स्टेट मिलेट मिशन, फार्म मशीनरी बैंक, एप्पल मिशन, नई पर्यटन नीति, नई और मत्स्य विकास में भी राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार समग्र विकास के साथ-साथ उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान और डेमोग्राफी की रक्षा के लिए भी पूरी तरह संकल्पबद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि देवभूमि की पवित्रता से किसी भी प्रकार



रहीं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया और आयोजन की सराहना की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहते हुए भी उत्तराखंडी समाज द्वारा अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं और पहचान को जीवंत बनाए रखना अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि सशक्त मंच बन चुका है। ऐसे आयोजन न केवल उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण और संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों से आए उत्तराखंडी भाई-बहनों को एक सूत्र में पिरोने का भी कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकौथिक में पारंपरिक वेशभूषा, हस्तशिल्प, कारीगरी, जैविक उत्पादों इसकी अवधि को पांच दिनों से बढ़ाकर सात दिन किया जाना इसकी सफलता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने पर्वतीय सांस्कृतिक संस्था की पूरी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में उत्तराखंड की संस्कृति और परंपराओं को सहेजने का कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में स्थापित करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। केदारखंड और मानसखंड मंदिर क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण, हरिपुर कालसी में यमुनातीर्थ के पुनरुद्धार, हरिद्वार-ऋषिकेश और शारदा कॉरिडोर, दिल्ली-देहरादून एलिवेटेड रोड, ऑल वेदर रोड, भारतमाला, पर्वतमाला और ऋषिकेश-कर्णप्रयाग फिल्म नीति, होम-स्टे, वेड इन उत्तराखंड और सौर स्वरोजगार योजना जैसी कई प्रभावी पहल की जा रही हैं। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप उत्तराखंड ने सतत विकास लक्ष्यों में देश में प्रथम स्थान, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में एचीवर्स तथा स्टार्टअप रैंकिंग में लीडर्स की श्रेणी प्राप्त की है। इसके साथ ही किसानों की आय वृद्धि का समझौता नहीं किया जाएगा और अवैध गतिविधियों, अतिक्रमण तथा राष्ट्रविरोधी मानसिकता के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड नफरत नहीं, संस्कार चाहता है; विभाजन नहीं, एकता चाहता है और सरकार का उद्देश्य देवभूमि उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाना है।

# ध्रुव की तपस्या से भगवान विष्णु हुए प्रसन्न

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन पूज्य स्वामी पद्मनारायणाचार्य महाराज जी ने बताया कि ध्रुव चरित्र की कथा एक प्रेरणादायक पौराणिक कहानी है, जो राजा उत्तानपाद के पुत्र ध्रुव की है, जिन्हें सौतेली माँ के अपमान के बाद पिता से प्रेम न मिलने पर, मात्र पाँच वर्ष की आयु में तपस्या कर भगवान विष्णु को प्रसन्न करने और ध्रुव तारा बनने की कहानी है, जो दृढ़ संकल्प, ईश्वर में आस्था और अटूट निष्ठा का प्रतीक है, जिसके बाद उन्हें अमरत्व और आकाश में स्थायी स्थान (ध्रुव तारा) प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि राजा उत्तानपाद की दो रानियाँ थीं सुनीति और सुरुचि। ध्रुव रानी सुनीति के पुत्र थे। एक दिन खेलते हुए ध्रुव अपने पिता की गोद में बैठना चाहते थे, लेकिन सौतेली माँ सुरुचि ने उन्हें अपमानित किया और कहा कि जब तक वे अपने पिता की गोद में नहीं बैठ सकते तब तक उन्हें राज्य का उत्तराधिकारी नहीं माना जाएगा। इस अपमान से दुखी होकर ध्रुव अपनी माता सुनीति के पास गए. सुनीति ने उन्हें भगवान विष्णु की शरण लेने और कठोर तपस्या करने की सलाह दी, जिससे उन्हें सांत्वना और परम गति मिल सके।श्री व्यास ने बताया कि घर छोड़कर वन जाने के मार्ग में ध्रुव को देवर्षि नारद मिले। नारद जी ने उन्हें ओम नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जाप करने और भगवान विष्णु की तपस्या करने का निर्देश दिया। ध्रुव ने एक पैर पर खड़े होकर, कंद मूल, फल त्यागकर, फिर केवल जल पीकर और



अंत में केवल वायु पीकर, छह महीने तक इतनी कठोर तपस्या की कि देवताओं में हलचल मच गई। ध्रुव की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु प्रकट हुए। उन्होंने ध्रुव को अपनी शंख से स्पर्श किया। जिससे ध्रुव को दिव्य ज्ञान प्राप्त हुआ और वे भगवान की स्तुति करने लगे। उन्होंने बताया कि भगवान विष्णु ने ध्रुव को वरदान दिया कि वे आकाश में ध्रुव तारे के रूप में अमर होकर चमकते रहेंगे, जो कभी नहीं बुझेंगे और सभी के लिए प्रकाश का स्रोत बनेंगे। उन्होंने कहा कि यह कथा बताती है कि दृढ़ संकल्प, अटूट आस्था और निष्काम भक्ति से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है और ईश्वर अपने भक्तों की पुकार अवश्य सुनते हैं। इससे पूर्व कथा के यजमान सुरेश बब्बर के परिवार द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। कथा के दौरान कथा व्यास द्वारा सुनाए गए भजनों को सुनकर श्रद्धालु झूमते रहे। इस दौरान विधायक तिलकराज बेहड़, अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री ओमप्रकाश अरोरा, विजय जग्गा, विजय विरमानी, रोहिताश बत्रा, नन्दलाल भुड्डी, अमित अरोरा बॉबी, राकेश राजदेव, बंटी ग्रोवर, नरेश शर्मा, तिलक घई, सुरेश बब्बर, शशि अरोरा, राज वर्मा, पिंकी ग्रोवर, सीमा जुनेजा, किरन जग्गा, अश्विनी जुनेजा, राकेश सुखीजा, संदीप धीर, यमन बब्बर, संजय जुनेजा, कृष्ण लाल नारंग, अशोक भल्ला, सुदेश मिढ्ढा, अश्वनी बजाज, अशोक भल्ला, सुरेश जग्गा, रोहित जग्गा, सुमित बब्बर, दीपांशु बब्बर, पारस बब्बर, मधु बब्बर, रचना बब्बर, शालू बब्बर, भावना बब्बर, प्रांची बब्बर, रागिनी बब्बर, तान्या बब्बर, सुमन बब्बर, आकांक्षा अनेजा, बीना बत्रा, रंजना बब्बर, सीमा जुनेजा, मंजू राजदेव, मनोरमा देवल, स्नेहा मिढ्ढा, अंजलि ठक्कर, वर्षा अरोरा, बबीता गुप्ता आदि श्रद्धालु मौजूद थे।





# मौन पालन बन सकता है स्वरोजगार का सशक्त माध्यम: डॉ. जितेन्द्र क्वात्रा

पंतनगर (उद संवाददाता)। समेटी-उत्तराखण्ड द्वारा "मौन पालन: स्वरोजगार का सशक्त माध्यम" विषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 16 से 19 दिसम्बर, 2025 तक किया गया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर निदेशक, प्रसार शिक्षा डॉ. जितेन्द्र क्वात्रा ने प्रतिभागी कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि मौन पालन अपनाकर किसान एवं युवा एक मजबूत और टिकाऊ स्वरोजगार का माध्यम विकसित कर सकते हैं। उन्होंने पर्वतीय क्षेत्रों में पाई जाने वाली मधुमक्खियों पर चर्चा करते हुए बताया कि उनसे उत्पादित शहद की बाजार में निरंतर कई गुना मांग बढ़ रही है। उन्होंने शहद के पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग पर विशेष जोर देते हुए खुले बाजार के साथ-साथ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से विपणन करने की सलाह दी, जिससे किसानों को बेहतर मूल्य प्राप्त हो सके। समेटी समन्वयक एवं सस्य विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. बी.डी. सिंह ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए समेटी



द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रशिक्षण योजनाओं की रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों से आह्वान किया कि प्रशिक्षण के दौरान अर्जित तकनीकी ज्ञान को केवल स्वयं तक सीमित न रखें, बल्कि अपने क्षेत्र के अन्य युवा कृषकों के साथ भी साझा करें। उन्होंने कीट विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमोद मल्ल एवं उनके विभाग के वैज्ञानिकों का प्रशिक्षण में सक्रिय सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। प्रशिक्षण के दौरान विश्वविद्यालय के कीट विज्ञान एवं कीट रोग विज्ञान विभाग से जुड़े वैज्ञानिकों द्वारा आधुनिक मौन पालन तकनीक, भविष्य की संभावनाएं, मधुमक्खियों का जीवन-चक्र, मौनचर एवं कीटनाशी, फसलों में परागण का महत्व, मौनचर एवं मौनालय का स्थानांतरण व प्रबंधन, जैविक मौन पालन, पर्वतीय क्षेत्रों में पारंपरिक रूप से पाली जा रही एपिस सेरेना इंडिका प्रजाति का संवर्धन, मधुमक्खी पालन के उपकरणों का प्रयोग, मौन वाटिका, रानी मधुमक्खी की ऋतुवार देखभाल, प्रमुख रोगों एवं शत्रुओं का प्रबंधन, आर्थिक विवेचना तथा मोटे अनाज उत्पादन में मौन पालन की उपयोगिता जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रदर्शन एवं प्रयोगात्मक शिक्षण के लिए प्रतिभागियों को मधुमक्खी पालन शोध एवं प्रशिक्षण केंद्र का भ्रमण भी कराया गया, जहां उन्हें मौन पालन से संबंधित नवीनतम विकसित तकनीकों और विधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद नैनीताल, टिहरी गढ़वाल, ऊधम सिंह नगर, अल्मोड़ा, पौड़ी गढ़वाल, रुद्रप्रयाग एवं देहरादून से आए कुल 52 मधुमक्खी पालकों, उद्यान, कृषि एवं आत्मा विभाग के अधिकारियों तथा प्रगतिशील कृषकों ने प्रतिभाग किया।


SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर



चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531

# औद्योगिक समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारित करें: एडीएम

## उद्योग मित्र बैठक में सिंगल विंडो सिस्टम सुदृढ़ करने और आधारभूत सुविधाओं पर हुआ मंथन



रुद्रपुर(उद संवाददाता)।जनपद में औद्योगीकरण को और अधिक गति देने तथा निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सभी अधिकारी उद्योग बंधुओं की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें। यह निर्देश अपर जिलाधिकारी श्री पंकज उपाध्याय ने शनिवार को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में आयोजित उद्योग मित्र बैठक के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए।अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में औद्योगिकीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम को और अधिक सशक्त बनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत औद्योगिक संस्थानों से जुड़ी समस्याओं पर विशेष ध्यान देते हुए समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पूर्व में आयोजित बैठक में उठाए गए सभी बिंदुओं पर आ रही समस्याओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।उन्होंने लंबित औद्योगिक प्रकरणों के संबंध में कहा कि जो मामले शासन स्तर पर लंबित हैं, उनके लिए पुन: स्मारक पत्र भेजे जाएं, जबकि जिला स्तर पर लंबित कार्यों के लिए स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित कर उन्हें समय पर पूर्ण किया जाए।बैठक के दौरान उद्यमियों द्वारा एल्डिको सिडकुल औद्योगिक पार्क, सितारगंज (फेज-2) में विद्युत आपूर्ति हेतु नए सब-स्टेशन के निर्माण का अनुरोध किया गया। इस पर क्षेत्रीय प्रबंधक, सिडकुल सितारगंज ने बताया कि उक्त प्रस्ताव को राज्य स्तरीय उद्योग मित्र बैठक में रखने हेतु ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड कर निदेशालय को प्रेषित कर दिया गया है।उद्यमियों ने सितारगंज से एल्डिको सिडकुल तक सड़क मरम्मत एवं चौड़ीकरण की मांग भी रखी। इस पर अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग ने अवगत कराया कि शासन स्तर से निर्णय एवं डीपीआर स्वीकृति के उपरांत कार्य कराया जाएगा। वहीं मै. मां शीतला वेंचर्स लिमिटेड से एनएच-74 तक दायीं ओर पाहा नहर की कवरिंग कार्य के संबंध में समय पर अनुस्मारक पत्र न भेजे जाने पर अधिशासी अभियंता, सिंचाई को स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए गए।सिमला से मलसा, दरऊ तक सड़क चौड़ीकरण के प्रस्ताव पर अपर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी एवं महाप्रबंधक उद्योग को उद्यमियों के साथ संयुक्त निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि समाधान की दिशा में ठोस कार्रवाई की जा सके। इसके अतिरिक्त काशीपुर में मुरादाबाद रोड पर स्वीकृत 132 केवी पावर सब-स्टेशन की स्थापना का मुद्दा भी उद्योग संगठनों द्वारा उठाया गया।बैठक में उद्योग संगठनों ने बिजली, भूमि, लाइसेंस, लंबित प्रकरणों, बुनियादी सुविधाओं एवं अन्य प्रशासनिक विषयों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे रखे तथा औद्योगिक वातावरण को और अधिक अनुकूल बनाने के सुझाव दिए।अपर जिलाधिकारी श्री उपाध्याय ने उद्योग प्रतिनिधियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्योगों से जुड़े सभी मामलों का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन उद्योगों के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और समन्वय में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। बैठक में उप जिला अधिकारी/ आरएम सिडकुल मनीष बिष्ट, आरएम सिडकुल सितारगंज रविंद्र कुमार,अधिशासी अभियंता विद्युत उमाकांत चतुर्वेदी, विवेक कांडपाल, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एस.पी. सिंह, महा प्रबंधक उद्योग विपिन कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई बी. एस. दांगी, ए.एस. नेगी, लोक निर्माण विभाग से ओ.पी. सिंह, एनएचएआई इंजीनियर तुषार गुप्ता, जिला पर्यटन अधिकारी लता बिष्ट, केजीसीसीआई से आर. के. गुप्ता, अशोक बंसल, एसईडब्ल्यूएस के अध्यक्ष श्रीकर सिन्हा सहित अनेक उद्यमी एवं विभागीय अधिकारी रहे।

# जैन ग्लोबल स्कूल में ट्राइक-ए-थॉन कार्यक्रम की धूम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जैन ग्लोबल स्कूल परिसर में प्री-प्राइमरी, एलकेजी एवं यूकेजी के नन्हे विद्यार्थियों के लिए ट्राइक-ए-थॉन कार्यक्रम का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के शारीरिक विकास, संतुलन क्षमता, आत्मविश्वास और खेल भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर बच्चों की हंसी, उमंग और जोश से गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक योगेश जैन, श्रीमती नेहा जैन, प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान दानपुर मनदीप वर्मा एवं ग्राम प्रधान कीरतपुर आशीष यादव उपस्थित रहे, जिन्हें विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सभी नन्हे बच्चे रंग-बिरंगे परिधानों में सजे हुए अपने-अपने ट्राइक के साथ मैदान में उतरे और निर्धारित ट्रैक पर साइकिल चलाकर अपनी ऊर्जा एवं संतुलन का शानदार प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने पूरे कार्यक्रम के दौरान बच्चों का मार्गदर्शन किया तथा उनका निरंतर उत्साहवर्धन किया। विद्यालय प्रशासन द्वारा बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं, जिससे बच्चे सुरक्षित वातावरण में खेल गतिविधियों का आनंद ले सकें। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। अपने बच्चों को आत्मविश्वास के साथ साइकिल चलाते देख अभिभावक अत्यंत प्रसन्न एवं गौरवान्वित नजर आए। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। प्रधानाचार्य ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और उनमें आत्मविश्वास व अनुशासन का विकास करती हैं। कार्यक्रम के अंत में अभिभावकों के लिए टग ऑफ वॉर (रस्साकशी) प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी अभिभावकों ने बढ़- चढ़कर उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता ने कार्यक्रम को और भी रोचक बना दिया तथा विद्यालय एवं अभिभावकों के बीच आपसी सहयोग और सहभागिता की भावना को मजबूत किया। कुल मिलाकर ट्राइक-ए-थॉन कार्यक्रम अत्यंत सफल, आनंददायक और यादगार रहा।





# आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों को दिया प्रशिक्षण

रूद्रपुर। उधम सिंह नगर जनपद में मुख्य विकास अधिकारी श्री दिवेश शाशनी के आदेशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती व्योमा जैन के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 16 से 20 दिसंबर 2025 तक विकास भवन के उधम सिंह नगर सभागार में पोषण ट्रैकर अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में रुद्रपुर ग्रामीण और रुद्रपुर शहर की परियोजना-वार आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों को पोषण ट्रैकर ऐप का संचालन सिखाया गया। प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को लाभार्थियों की सही एंट्री, सेवाओं का ऑनलाइन रिकॉर्डिंग, डेटा अद्यतन और ऐप के नवीन फीचर्स की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला समन्वयक पारूल शाह, संबंधित सुपरवाइजर एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अजीत कुमार, शिवानी श्रीवास्तव और अंकित कुमार का सहयोग सराहनीय रहा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पोषण सेवाओं को सुदृढ़ बनाना और डिजिटल माध्यम से कार्यों में पारदर्शिता एवं प्रभावशीलता बढ़ाना है। प्रशिक्षण से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की क्षमता बढ़ेगी और पोषण सेवाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।



# उत्कृष्ट योगदान के लिए डा. सरना को किया सम्मानित

रुद्रपुर। उत्तराखण्ड सरकार के नियोजन विभाग द्वारा संचालित आकांक्षी जनपद/विकासखण्ड कार्यक्रम के अंतर्गत जुलाई 2024 से सितम्बर 2024 की अवधि में निर्धारित छह प्रमुख संकेतांकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपदों एवं विभागों को सम्मानित करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय 'सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह' का आयोजन विगत शुक्रवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन, देहरादून में किया गया।इस समारोह में ऊधम सिंह नगर जनपद की ओर से स्वास्थ्य विभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए डॉ. संजीव सरना को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रमुख सचिव, नियोजन विभाग आर. मीनाक्षी सुंदरम द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, लक्षित संकेतांकों की प्रभावी पूर्ति और योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रदान किया गया।समारोह का उद्देश्य प्रदेश में विकासात्मक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को प्रोत्साहित करना तथा विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे नवाचारों और परिणामोन्मुखी कार्यों को सार्वजनिक रूप से मान्यता देना था। कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न जनपदों से आए विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के. के. अग्रवाल ने इस उपलब्धि के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी, साथ ही उनकी मेहनत और समर्पण को सराहा।



# सीएम धामी को बताई बाजपुर की प्रमुख समस्याएं

बाजपुर (उद संवाददाता)। महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष उमा जोशी के साथ नगर मंडल अध्यक्ष बाजपुर टिंकू यादव, कौशल्यापुरी मंडल अध्यक्ष गुरमुख सिंह, कुंडेश्वरी मंडल अध्यक्ष धर्मपाल सिंह, सांसद प्रतिनिधि रमेश गर्ग एवं मंडल मंत्री पूजा जिंदल ने देहरादून स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर बाजपुर विधानसभा से जुड़े ज्वलंत जनहित मुद्दों को मजबूती से रखते हुए ज्ञापन सौंपा। बैठक में जिन मुद्दों को रखा गया उनमें 20 गांवों की 5838 एकड़ भूमि पर ग्रामीणों को मालिकाना हक देने, उप जिला अस्पताल बाजपुर में रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति करने, आधार अपडेटेशन हेतु बैंकों में काउंटर व ग्राम सभाओं में स्थायी कैम्प आयोजित करने, चीनी मिल बाजपुर में स्थायी प्रधान प्रबंधक, चीफ इंजीनियर व लेखाकार की नियुक्ति करने, बाजपुर पोस्टमार्टम हाउस को शीघ्र प्रारंभ करने, पत्रकार बंधुओं के लिए प्रेस क्लब भवन निर्माण कराने की मांग शामिल रही। मुख्यमंत्री श्री धामी ने बाजपुर विधानसभा के विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस सकारात्मक पहल के लिए मंडल अध्यक्ष टिंकू यादव सहित सभी ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।



# स्कूल समय पर खनन वाहनों पर रहेगी रोक

## एसडीएम ने ली स्टोन क्रेशर स्वामियों की बैठक

रामनगर। एसडीएम प्रमोद कुमार ने कार्यालय में रामनगर क्षेत्र के सभी स्टोन क्रेशर स्वामियों की बैठक ली। बैठक में एसडीएम ने खनन व्यवसाय संचालित करने वाले सभी स्वामियों को नियमों का पालन करने की कड़ी हिदायत दी और ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। एसडीएम ने बताया कि स्कूल समय पर खनन वाहनों का प्रवेश पूरी तरह वर्जित रहेगा और नो एंट्री जोन में भी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। खनिज से भरे वाहनों को अब सड़क पर तिरपाल ढककर ही गुजरना होगा और ओवरलोड की किसी भी स्थिति को सहन नहीं किया जाएगा। यदि नियमों का उल्लंघन करते हुए कोई वाहन सड़क पर दिखाई देता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, ग्राम सक्खनपुर इलाके से खनन वाहनों के गुजरने के लिए क्रेशर स्वामियों द्वारा सुझाए गए वैकल्पिक मार्ग पर निरीक्षण के बाद निर्णय लिया जाएगा। एसडीएम ने यह भी बताया कि नदी में 10 टायर वाहनों के प्रवेश को लेकर वन विभाग, खनन विभाग और परिवहन विभाग के साथ बैठक में निर्णय लिया गया है कि कुछ वाहनों को नियमों के तहत विशेष अनुमति दी जाएगी।

# रेनबो स्कूल में किशोरियों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रेनबो पब्लिक स्कूल में कक्षा 6 से 9 तक की छात्राओं के लिए एक स्वास्थ्य जागरूकता परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। सत्र का उद्देश्य किशोरियों को उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा किशोरावस्था के दौरान होने वाले प्राकृतिक परिवर्तनों के प्रति जागरूक करना था। इस परामर्श सत्र का संचालन कृष्णा हॉस्पिटल, रुद्रपुर में कार्यरत प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रुबी गुप्ता द्वारा किया गया। उन्होंने किशोरावस्था से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा करते हुए स्वच्छता, संतुलित आहार, व्यक्तिगत साफ-सफाई एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। सत्र के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अपने प्रश्न पूछे, जिनका डॉ. गुप्ता ने सरल और सहज भाषा में समाधान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार अग्रवाल ने डॉ. रुबी गुप्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता सत्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। विद्यालय प्रबंधन की ओर से उन्हें स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती गीतांजलि मलिक, उपप्रधानाचार्या श्रीमती स्मिता पाठक, कोऑर्डिनेटर श्रीमती निहारिका शर्मा सहित अन्य शिक्षिकाएँ उपस्थित रहीं।





# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## बांग्लादेश में अराजकता

बांग्लादेश एक बार फिर राजनीतिक अस्थिरता और सामाजिक तनाव के दौर से गुजरता दिखाई दे रहा है। हालिया घटनाओं ने न केवल वहां की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि अंतरिम सरकार की भूमिका, आगामी चुनावों की विश्वसनीयता और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर भी चिंताएं गहरा दी हैं। इस उथल-पुथल का असर क्षेत्रीय राजनीति और विशेषकर भारत-बांग्लादेश संबंधों पर भी पड़ना तय है।हाल में एक प्रमुख राजनीतिक नेता की हत्या के बाद देश के कई हिस्सों में हिंसक प्रदर्शन भड़क उठे। यह घटना उस व्यापक असंतोष की ओर इशारा करती है, जो सरकार-विरोधी आंदोलनों के बाद भी शांत नहीं हो सका। अंतरिम सरकार का गठन लोकतांत्रिक संक्रमण को सुचारु बनाने और निष्पक्ष चुनावों का मार्ग प्रशस्त करने के उद्देश्य से किया गया था, लेकिन लगातार बढ़ती हिंसा से यह सवाल उठने लगे हैं कि क्या सरकार अपने मूल लक्ष्य से भटक रही है।राजनीतिक दलों के बीच अविश्वास, सड़कों पर उतरता जनाक्रोश और प्रशासन की सीमित पकड़ख्इन सभी ने मिलकर सत्ता के वैध संचालन को कठिन बना दिया है। जब राजनीतिक असहमति हिंसा का रूप ले ले, तो लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं कमजोर पड़ती हैं और आम नागरिक सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। इस अस्थिर माहौल में अल्पसंख्यक समुदायों, विशेषकर हिंदुओं, की सुरक्षा को लेकर चिंता और बढ़ गई है। हालिया घटनाओं ने यह आशंका मजबूत की है कि राजनीतिक तनाव का लाभ उठाकर कट्टरपंथी तत्व सामाजिक ताने-बाने को निशाना बना रहे हैं। किसी भी लोकतांत्रिक समाज की मजबूती इस बात से आंकी जाती है कि वह अपने अल्पसंख्यकों को कितनी सुरक्षा और सम्मान देता है। यदि इस मोर्चे पर विफलता होती है, तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि और आंतरिक स्थिरताख्दोनों को नुकसान पहुंचता है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या मौजूदा हालात फरवरी में प्रस्तावित चुनावों को प्रभावित करेंगे। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव तभी संभव हैं, जब मतदाता भयमुक्त वातावरण में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। लगातार हिंसा, विरोध-प्रदर्शन और प्रशासनिक असफलताएं चुनावी प्रक्रिया को पटरी से उतार सकती हैं। यदि चुनावों की विश्वसनीयता पर सवाल उठते हैं, तो इससे बांग्लादेश की लोकतांत्रिक यात्रा को गहरा झटका लगेगा। बढ़ती अराजकता का असर सीमा पार भी महसूस किया जा रहा है। भारत के लिए बांग्लादेश की स्थिरता रणनीतिक, आर्थिक और सुरक्षाख्तीनों दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। अतीत में कुछ अलगाववादी समूहों की गतिविधियों और हालिया भारत-विरोधी बयानबाजी ने चिंताओं को और बढ़ाया है। कूटनीतिक प्रतिष्ठानों पर हमलों जैसी घटनाएं द्विपक्षीय विश्वास को कमजोर करती हैं और सहयोग के माहौल को नुकसान पहुंचाती हैं।

# एसएसपी ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

हल्द्वानी। पार्वती प्रेमा जगती सरस्वती विहार में बीते सायं एक भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शैक्षिक, सांस्कृतिक और खेलकूद के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. मंजुनाथ टी.सी., वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल ने होनहार छात्रों को प्रेरित किया और उन्हें ट्रॉफी, शील्ड एवं पुरस्कार राशि प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधक श्री श्याम अग्रवाल ने की। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश और उप-प्रधानाचार्य श्री उमेश भी इस अवसर पर मौजूद रहोसमारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद छात्रों ने भक्ति गीत और सांस्कृतिक नृत्य की सुंदर प्रस्तुतियां दी। मुख्य अतिथि को सम्मान स्वरूप मोमेंटो भेंट किया गया।डॉ. मंजुनाथ ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में



कहा कि सफलता वही व्यक्ति प्राप्त करता है जो अपने संस्कार, नैतिक मूल्यों और प्रौद्योगिकी का संतुलन बनाए रखता है। उन्होंने छात्रों को अनुशासन, लक्ष्य निधरिण और कठिन परिश्रम के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ष्पुरस्कार विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम का सम्मान हैं और आगामी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा देते हैं।कार्यक्रम में 10वीं बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक हासिल करने वाले विनय पाठक और आयुष सिंह को 25,000 रुपए की पुरस्कार राशि सहित ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं, 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले प्रत्युष सिंह बिष्ट, देव ध्यानी, शिवा, चंद्रेश जोशी, दिव्यांश दीक्षित, स्वर्णिम काण्डपाल, उमंग, अर्नव और अमृत कविश मिश्रा को 20,000 रुपए की पुरस्कार राशि सहित ट्रॉफी दी गई। इसके अतिरिक्त, सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों और उनके शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।विद्यालय प्रबंधन कमिटी के सदस्य श्री अरुण यादव, श्री माधव त्रिपाठी, श्री केतन, श्री संजय, श्री अक्षय यादव सहित शिक्षक, अभिभावक और छात्र इस समारोह में उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं की उत्साही भागीदारी और गर्वित वातावरण ने कार्यक्रम को और भी सफल और प्रेरणादायक बना दिया।

# किशोरी के साथ किया रेप

रामनगर। कोतवाली क्षेत्र में एक 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी से रेप का मामला सामने आया है। आरोप है कि घटना का अश्लील वीडियो भी बनाया गया। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने दो नाबालिग आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को दो नाबालिग आरोपियों ने किशोरी के साथ जबरन रेप किया। इस दौरान आरोपियों ने कथित तौर पर घटना का अश्लील वीडियो भी बना लिया। आरोपियों ने वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने और किशोरी को जान से मारने की धमकी दी। इन धमकियों के कारण किशोरी कुछ समय तक चुप रही, लेकिन बाद में उसने अपने परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। किशोरी की आपबीती सुनने के बाद परिजन रामनगर कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों नाबालिग आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम सहित अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। सीओ सुमित पांडे ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की गहन जांच की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि पीड़िता के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और आवश्यक चिकित्सकीय परीक्षण की प्रक्रिया भी पूरी कराई जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन कर संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है।

# राजीव सक्सेना ने नितिन नबीन से की शिष्टाचार भेंट

किच्छा(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पूर्व नामित सभासद राजीव सक्सेना ने नवनियुक्त भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने नितिन नवीन को अध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई दी और पुष्प एवं शॉल भेंट कर सम्मान व्यक्त किया।भेंट के दौरान राजीव सक्सेना ने उत्तराखंड के किच्छा क्षेत्र में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष से समय देने का आग्रह किया। नितिन नवीन ने भविष्य में किच्छा दौरे का आश्वासन दिया। इसके साथ ही दोनों पक्षों ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति और क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। प्रेस को जारी सूचना में राजीव सक्सेना ने बताया कि यह शिष्टाचार भेंट थी, जिसमें क्षेत्रीय मुद्दों और आगामी चुनाव की तैयारियों पर भी बातचीत हुई।




उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0, कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, किच्छा (ऊधम सिंह नगर)- 263148, ई-मेल:- eddkichha@gmail.com

## विद्युत बाधित सूचना

विद्युत वितरण खण्ड किच्छा के अधीन सम्बन्धित 33 / 11के0वी0 उपसंस्थान किच्छा में अनुबन्ध सं0 1351 एवं 1352 / C (C&P-1 /41/2023-24 / Package K-RDSS-EDC RDR / Rajshayama / Supply And Erection Date 14-08-2024 के तहत के परियोजना के अन्तर्गत कार्य होना प्रस्तावित है। सारणी अनुसार निम्नलिखित तिथि को विद्युत आपूर्ति पूर्णतः / आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि विभाग को सहयोग करने की कृपा करें व उक्त समयावधि में वैकल्पिक व्यवस्था भी करने का कष्ट करें तथा इन्वर्टर व जनरेटर को चलाते समय ग्रिड लाईन से अलग करके ही चलाये जिससे बैंक फिडिंग के कारण किसी भी अप्रिय घटना से बचाव हो सके।

| क्रम0 सं0 | उपसंस्थान का नाम | प्रभावित पोषक | | तिथि | प्रभावित क्षेत्र | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, लालपुर | | दरऊ, कुरैया एवं लालपुर द्वितीय पोषक | 22.12.2025 | | |
| 2 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, किच्छा | | टाउन प्रथम, द्वितीय तृतीय एवं एस0ई0आर0एल0 पोषक | 23.12.2025 | | |
| 3 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, लालपुर | | दरऊ, कुरैया एवं लालपुर द्वितीय पोषक | 24.12.2025 | सम्बन्धित पोषक के क्षेत्रान्तर्गत समस्त पोषित होने वाले नगरीय, ग्रामीण एवं औद्योगिक पोषक | प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक |
| 4 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, किच्छा | 11के0वी0 | टाउन प्रथम, द्वितीय तृतीय एवं एस0ई0आर0एल0 पोषक | 25.12.2025 | | |
| 5 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, लालपुर | | दरऊ, कुरैया एवं लालपुर द्वितीय पोषक | 26.12.2025 | | |
| 6 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, किच्छा | | टाउन प्रथम, द्वितीय तृतीय एवं एस0ई0आर0एल0 पोषक | 27.12.2025 | | |
| 7 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, लालपुर | | दरऊ, कुरैया एवं लालपुर द्वितीय पोषक | 29.12.2025 | | |

Customer Care Toll Free No- 1912

"Pay Electricity Bill online 24x7 from www.upcl.org"

(राष्ट्र हित में बिजली बचायें)

पत्रांकः 5122/वि0वि0ख0(कि0)/दिनांक-19.12.2025

अधिशासी अभियन्ता


# जिला टीका भंडार को प्रभावी टीका प्रबंधन मूल्यांकन पर प्रशंसा प्रमाणपत्र

रूद्रपुर। उत्तराखण्ड के उधम सिंह नगर जिला टीका भंडार को उत्तराखण्ड राज्य प्रभावी टीका प्रबंधन मूल्यांकन 2025 में 88% अंक प्राप्त करने के लिए प्रशंसा प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान टीका भंडारण, तापमान नियंत्रण और माल प्रबंधन प्रणालियों में उत्कृष्टता के लिए दिया गया, जिससे जिले में टीकाकरण कार्यक्रमों की प्रभावशीलता सुनिश्चित होती है। इस उपलब्धि से जिले



में टीकाकरण सेवाओं को मजबूत बनाने और सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा में सुधार का संदेश मिलता है। यह पुरस्कार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड के तहत जिला टीका भंडार की दक्षता और समर्पण को दर्शाता है। प्रशंसा प्रमाणपत्र डॉ. कुलदीप मार्तोलिया (वरिष्ठ कार्यकारी, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड), प्रो. डॉ. रेणु शाहरा (नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय टीका और रोग नियंत्रण अनुसंधान केंद्र, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार) और डॉ. रश्मि पंत (निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड) द्वारा प्रदान किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के. के. अग्रवाल ने टीकाकरण टीम को बधाई दी और उनकी मेहनत और प्रतिबद्धता की सराहना की।

# गलत तथ्य प्रस्तुत करने पर डीएम ने शस्त्र लाइसेंस किया निरस्त

नैनीताल (उद संवाददाता)।जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में गलत तथ्य प्रस्तुत करने पर एक व्यापारी का शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने निर्देश दिए हैं। उन्होंने अवगत कराया कि हल्द्वानी आजाद नगर, थाना बनभूलपुरा निवासी नाहिद कुरैशी पुत्र वाजिद कुरैशी के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था। उक्त प्रकरण में जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय के समक्ष पक्षकार नाहिद कुरैशी द्वारा यह कथन किया गया कि वह एक व्यापारी है तथा उसे व्यापार के सिलसिले में प्रायः नकद धनराशि के साथ आवागमन करना पड़ता है, जिसके कारण उसके जान-माल को खतरा बना रहता है। इस हेतु उसके शस्त्र लाइसेंस को यथावत् बनाए रखा जाना आवश्यक है।इ स संबंध में उक्त प्रकरण का परीक्षण कराए जाने के उपरांत संज्ञान में आया कि वाजिद कुरैशी द्वारा विगत वर्ष के आयकर रिटर्न से तथ्य प्रकाश में आया कि उनकी वार्षिक आय 5,78,600 रुपए है, जिस पर उनके द्वारा लगभग 13,000 रुपए आयकर अदा किया गया है। जिस पर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा उक्त आय विवरण पर सम्यक विचार करते हुए पाया एवं उससे यह स्पष्ट हुवा है कि श्री कुरैशी की वार्षिक आय इतनी अधिक नहीं है, जिससे यह निष्कर्ष निकाला जा सके कि उनके जान-माल को असाधारण या विशिष्ट खतरा उत्पन्न होता हो, जिसके लिए शस्त्र धारण किया जाना अपरिहार्य हो। उक्त तथ्यों एवं परिस्थितियों के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय द्वारा इस प्रकरण पर निष्कर्ष करते हुए नाहिद कुरैशी को जारी शस्त्र लाइसेंस को लाइसेंस निरस्त करने का निर्णय सुनाया गया।


# क्या अब राजनीति में सच की कोई जगह नहीं बची?

## एआई वीडियो शेयर करने पर पूर्व सीएम हरीश रावत ने जताई कड़ी आपत्ति, भाजपा कार्यालय में आंदोलन की चेतावनी



देहरादून। उत्तराखंड में भाजपा और कांग्रेस ने चुनावी मोड में आकर एक दूसरे पर जुबानी हमले तेज कर दिये है। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत के खिलाफ भाजपा ने एक बार फिर मुस्लिम तुष्टीकरण करने का आरोप मढ़ते हुए सोशल मीडिया पर एआई जेनरेटेड एक वीडियो शेयर किया है। वहीं पूर्व सीएम हरदा ने भाजपा के इस कृत्य पर कड़ी आपत्ति जाहिर करते हुए वीडियो डिलीट नहीं करने पर पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराने की चेतावनी दी है। वहीं पूर्व सीएम ने भाजपा के दुष्प्रचार की पोल खोलने के लिए भाजपा प्रदेश कार्यालय में ओदालन शुरू करने का भी ऐलान किया है। पूर्व सीएम हरीश रावत ने अपने फेसबुक पेज पर एक वीडियो संदेश साझा करते हुए कहा है कि मैं भाजपा के लोगों से कहना चाहता हूँ कि वे अपने झूठ के लिए राज्य की जनता से माफी माँगें। सोशल मीडिया पर मेरे विरुद्ध आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सहारा लेकर जो झूठा नैरेटिव गढ़ने का दुष्प्रयास किया जा रहा है यदि उसे तत्काल डिलीट नहीं किया गया और सार्वजनिक रूप से वापस नहीं लिया गया, तो यह भाजपा और तथाकथित "धाकड़ धामी" की असलियत को उजागर करता है। यह कैसी भाजपा है, जिसके आधिकारिक पेजों पर केवल झूठ ही झूठ परोसा जा रहा है? राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ झूठ के सहारे राजनीतिक प्रहार किए जा रहे हैं। यदि इस झूठ के लिए क्षमा नहीं माँगी गई और सामग्री को हटाया नहीं गया, तो मुझे विवश होकर आपके विरुद्ध थाने में एफआईआर दर्ज करानी पड़ेगी। साथ ही साइबर क्राइम के अंतर्गत भी आपके खिलाफ रुमुकदमा दर्ज कराने हेतु आवेदन दूँगा। मैं यहीं नहीं रुकूँगा लगातार सात दिनों तक रुभाजपा कार्यालय जाकर इस झूठी राजनीति का पर्दाफाश भी करूँगा। मैं 2017 का घाव सह लिया, मैं 2022 का घाव भी सह लिया, लेकिन अब हरीश रावत 2027 के लिए जो आप झूठ के सहारे हम पर आक्रमण कर रहे हो, हमारे खिलाफ वातावरण बनाने का प्रयास कर रहे हो, मैं उसको सहने के लिए तैयार नहीं हूं। मैं लड़ूंगा, उसके खिलाफ संघर्ष करूंगा और यदि आप में हिम्मत है तो बताओ कि हरीश रावत ने मुस्लिम तुष्टीकरण के लिए क्या-क्या कदम उठाए हैं? जो कदम हरीश रावत ने उठाए हैं, क्या आपकी सरकारें वह कम उठा नहीं उठा रही हैं ?? आप झूठ बोल सकते हैं, जुम्मे की नमाज का झूठ बोल सकते हैं, आप मुस्लिम यूनिवर्सिटी का झूठ बोल सकते हैं, मगर अनन्तोगत्वा एक दिन लोग समझेंगे कि झूठ के आधार पर किस प्रकार से उनका ध्यान वास्तविक मुद्दों से हटाया जा रहा है, बेरोजगारी, महंगाई, पलायन, महिलाओं पर बढ़ता अत्याचार, दलितों पर बढ़ता अत्याचार, कमजोर निरंतर और कमजोर हो रहा है, और गरीब हो रहा है। राज्य का विकास असंतुलित हो रहा है, इन सवालों से ध्यान हटाने के लिए, बढ़ते हुए भ्रष्टाचार व बेरोजगारी से ध्यान हटाने के लिए, आप इस तरीके का झूठा आडंबर फैलाकर राज्य की राजनीति को गलत दिशा में डालने का काम कर रहे हो? आओ हमसे विकास के मुद्दे पर बातचीत करो, कांग्रेस 10 साल सत्ता में रही है, हमने 10 साल में क्या किया है, हमसे पूछो और हम तुमसे पूछें कि तुमने 15 साल में क्या किया है? ताकि राज्य की जनता को तुलनात्मक रूम में मालूम हो सके कि किसने विश्वास की रक्षा करने का काम किया है और किसने विश्वास को छलने का काम किया है? झूठ के सहारे आप जनता को कुछ समय तो ठग सकते हो, लेकिन हमेशा के लिए नहीं ठग सकते हो। इस बार हम तुम्हें जनता को ठगने नहीं देंगे और उसके लिए संघर्ष करेंगे, जमकर के संघर्ष करेंगे, घुटने अड़ाकार के संघर्ष करेंगे।

## भाजपा नेताओं के दुष्प्रचार के खिलाफ न्यायालय की शरण में जाएंगे : गोदियाल



देहरादून। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने भाजपा पर कांग्रेस के नेताओं के प्रति अनर्गल आक्षेप लगाने आरोप लगाते हुए एक वीडियो शेयर किया है। गणेश गोदियाल ने कहा कि एआई का दुरूपयोग कर भाजपा अपने सोशल मीडिया हैडल से कुछ दुर्भावनापूर्ण तस्वीरें और वीडियो वायरल कर घृणित कार्य कर रही है जिसका कांग्रेस से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता जन मुद्दों को लेकर संघर्ष कर रही है लेकिन भाजपा कांग्रेस का चरित्र हरण कर रही है। गणेश गोदियाल ने कहा कि भाजपा पूर्व सीएम हरीश रावत की छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि पूर्व सीएम हरीश रावत को कानून का सहारा लेकर न्यायालय के समक्ष जाना चाहिए। गौरतलब है कि सोशल मीडिया पर कांग्रेस नेताओं और कुछ मुस्लिम युवकों की छवि बनाकर प्रदेश में डेमोग्रामी चेज करने को लेकर तंज किये गये है। एक तस्वीर में पूर्व सीएम हरीश रावत की छवि बनाकर "मै तुम्हे जमीन दूंगा तुम हमे वोट देना" जैसे स्लोगन लिखे गये हैं। वीडियो में कैप्शन लिखा है "सत्ता के लालच में अंधी कांग्रेस ने हमेशा सिर्फ अपनी कुर्सी देखी है, चाहे उसके लिए देवभूमि की पवित्रता को दांव पर ही क्यों न लगाना पड़े! वोटबैंक के लालच में कांग्रेस ने पहाड़ की डेमोग्राफी ही बदल कर रख दी थी, पर अब और नहीं! भाजपा सरकार में एक-एक अवैध घुसपैठिए का हिसाब होगा और उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। देवभूमि की संस्कृति और डेमोग्राफी से खिलवाड़ अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा"। प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपनी हार को देख बौखला गयी है, इसलिए एआई के जरिये कांँग्रेस पार्टी के नेताओं के खिलाफ दुष्प्रचार कर रही है। लेकिन उत्तराखण्ड की जनता अब समझ गयी है कि भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है इसलिए वो जाती और धर्म की राजनीति पर उतर आई है। राज्य की जनता बेरोजगारी, महंगाई, पलायन, जंगली जानवरों और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे का समाधान चाहती है, लेकिन भाजपा के पास इस मुद्दों का कोई समाधान नहीं है और वो इन सबसे ध्यान हटाते हुए अब जाती और धर्म की राजनीति पर उतर आई है। हमें भाजपा की धामी सरकार से न्याय की कोई उम्मीद नहीं है। इसलिए हम भाजपा के इस दुष्प्रचार के खिलाफ न्यायालय की शरण में जाएंगे।

# पंचायत भवन बराखेड़ा में बहुद्देशीय शिविर का आयोजन

## शिविर में प्रशासन और जनता के बीच हुआ सीधा संवाद, लगभग 673 लोगों ने लिया शिविर का लाभ





गदरपुर(उद संवाददाता)। जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के अंतर्गत शनिवार को गदरपुर ब्लॉक के न्याय पंचायत बराखेड़ा के पंचायत भवन बराखेड़ा में बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। उपजिलाधिकारी ऋचा सिंह ने कहा कि जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम सरकार की प्राथमिकता है। इसीलिए इस शिविर में प्राप्त शिकायतों व समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाये। उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं का पात्र व्यक्तियों को शत-प्रतिशत लाभ देने के निर्देश दिए। शिविर में अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा मौके पर आवेदन प्राप्त पंजीकरण किया गया व अनेक पात्र लाभार्थियों को तत्काल लाभान्वित भी किया गया। शिविर में 23 विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभिन्न योजनाओं की जानकारियां दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नि:शुल्क जाँच कर मरीजों को द्वारा भी वितरित की गई। बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिला की गोद भराई भी गई। उक्त शिविर में कुल 673 लोगो ने प्रतिभाग किया। जिसमे 406 लोगों को विभिन्न विभागों की योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में कुल 490 लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 50 शिकायते प्राप्त हुई जिनमे से 26 का निस्तारण मौके पर ही करते हुए शेष 24 शिकायतो को विभागों को निस्तारण हेतु दिया गया। शिविर में दो समूहों को कैश क्रेडिट लिमिट के अंतर्गत 4.5 लाख की धनराशि वितरित की गई तथा 25 आधार कार्ड, 30 आयुष्मान कार्ड, 22 स्थायी निवास प्रमाण पत्र, 51 जाति प्रमाण पत्र, 44 आय प्रमाण पत्र, 5 परिवार रजिस्टर नकल, 5 बीपीएल कार्ड, 1 मृत्यु प्रमाण पत्र तथा 12 दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए गए। शिविर में महिला समूहों द्वारा लगाये गए स्टाल में महिलाओं द्वारा 8750 रुपए की हस्तनिर्मित सामग्री की बिक्री की गई। एक महिला की गोदभराई भी महिला एवं बाल कल्याण विभाग के माध्यम से करायी गई। शिविर में आई एक वृद्धा श्रीमति शीला देवी पत्नी मंहगा राम की मौके पर ही वृद्धावस्था पेंशन हेतु कार्यवाही कर निस्तारण किया गया। शिक्षा विभाग के माध्यम से 10 बालिकाओ को साइकिल हेतु 05 बालिकाओ को जूता बैग हेतु चेक एवं ही 5 बालिकाओ को गणवेश वितरित किए गए। शिविर में ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर, सांसद प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा गुंजन सुखीजा, तहसीलदार श्रीमती लीना चन्द्रा, जिला प्रोबेशन अधिकारी श्रीमती व्योम जैन, खंड विकास अधिकारी श्रीमती अतिया परवेज ,सेवायोजन अधिकारी राजेश दुर्गापाल तथा अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष...

**भाजपा के ऑफिशयल पेज ..**चलने वाली कांग्रेस को बदनाम करने के लिए भाजपा अब घृणित और भ्रामक राजनीति का सहारा ले रही है। गणेश गोदियाल ने प्रदेश की जनता से अपील करते हुए कहा कि वे भाजपा नेताओं से असली मुद्दों पर सवाल पूछें- हमारे बच्चों के रोजगार का क्या होगा? स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति बदहाल क्यों है? उत्तराखंड में फैले भ्रष्टाचार पर सरकार कब बोलेगी? उन्होंने कहा कि सच्चे और जरूरी सवालों से ही आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है। उधर, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भी स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि भाजपा अपना एआई वीडियो तुरंत नहीं हटाती है, तो वे सात दिनों तक भाजपा कार्यालय के बाहर धरना देंगे और इस मामले में एफआईआर दर्ज कराएंगे। एआई तकनीक के कथित दुरुपयोग ने उत्तराखंड की राजनीति को एक नई बहस के केंद्र में ला खड़ा किया है। एक ओर कांग्रेस इसे लोकतंत्र और सच्चाई पर हमला बता रही है, तो दूसरी ओर भाजपा पर डिजिटल हथकंडों से राजनीति करने के आरोप लग रहे हैं। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या वीडियो हटाया जाएगा, क्या कानूनी कार्रवाई होगी और क्या यह विवाद आगामी चुनावी राजनीति में नई लकीर खींचेगा।

**मंदिर में कब्जे ...**देखा मंदिर में ताला लगा हुआ है और भुज समाज के लोगों को मंदिर में पूजा के लिए रोका जा रहा है। जब वह मामले की जानकारी ले रहे थे इसी दौरान वहां मौजूद दोनों पक्षों बीच कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। जिससे वहां अफरा तफरी मच गई। शिव अरोरा ने बताया कि दो दिन पूर्व उस व्यक्ति द्वारा मंदिर के नीचे बने कमरे का ताला तोड़कर सामान निकाल कमरे पर कब्जा कर लिया गया। जो गलत है। किसी की धार्मिक भावनाओं को इस प्रकार से ठेस नहीं पहुंचने दी जायेगी। श्री अरोरा ने कहा कि न्यायालय के आदेश का पालन करवाया जायेगा। मौके पर मौजूद रम्पुरा चौकी प्रभारी कविन्द्र शर्मा को भी विधायक शिव अरोरा ने आवश्यक दिशा निर्देश दिये। विधायक शिव अरोरा ने बंद मंदिर के बाहर से भगवान चन्द्रदेव की पूजा अर्चना भी की।

**दस हजार का इनामी...**मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने फरार अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी के सख्त निर्देश जारी किए थे। इसके बाद पुलिस अधीक्षक अपराध, पुलिस अधीक्षक काशीपुर तथा क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण में गदरपुर पुलिस द्वारा लगातार दबिशें दी जा रही थीं। लगातार प्रयासों के फलस्वरूप थाना गदरपुर पुलिस ने एसओजी रुद्रपुर के सहयोग से थाना दिनेशपुर क्षेत्र अंतर्गत जाफरपुर मोड़ के पास मुखबिर की सूचना पर 10 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त करनैल सिंह उर्फ पिन्टू रोढ़ी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि करनैल सिंह उर्फ पिन्टू एक शातिर किस्म का अपराधी है, जो क्षेत्र में दहशत कायम करने के लिए खुलेआम फायरिंग करने से भी नहीं चूकता था। उसकी गिरफ्तारी पर थाना गदरपुर द्वारा 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। इस प्रकरण में अभियुक्त का साथी गुरबाज सिंह उर्फ मानू, जिस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था, उसे पुलिस द्वारा पहले ही मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया जा चुका है। वर्तमान गिरफ्तारी के बाद पुलिस को पूरे मामले में अहम सफलता मिली है। गिरफ्तार अभियुक्त करनैल सिंह उर्फ पिन्टू रोढ़ी पुत्र प्रीतम सिंह, निवासी ग्राम कलकत्ती, थाना गदरपुर, जनपद ऊधमसिंहनगर का रहने वाला है। उसकी उम्र लगभग 27 वर्ष बताई जा रही है। अभियुक्त के खिलाफ उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में हत्या के प्रयास, लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट और गिरोहबंदी सहित कई संगीन मुकदमे दर्ज हैं। इस सफल कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गदरपुर संजय पाठक के नेतृत्व में उपनिरीक्षक विजय कुमार (प्रभारी चौकी सकैनिया), थाना गदरपुर पुलिस टीम तथा एसओजी रुद्रपुर के पुलिसकर्मियों की सराहनीय भूमिका रही।

**हरश्रीनाथ मंदिर ...**की गई है। अरोड़ा ने स्पष्ट किया कि मंदिर समिति नित्य भजन-कीर्तन और निंदा प्रस्ताव के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार को जगाती रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदर्शन में किसी प्रकार की हिंसा नहीं होगी और सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से होंगे। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी मिश्रा जी, स्वरूप, प्रकाश अरोड़ा, गुलशन कुमार, जगमोहन, वीरेंद्र कुमार, राजेंद्र अरोरा, वेद राज, नरेश ठुकराल, हरि नारायण, प्रमोद, राजेश कुमार, राकेश ठुकराल, सुभाष कुमार, लता अरोड़ा, गुरजीत कौर, संतोष देवी, सरोज कुमारी सहित समिति के अन्य सदस्य और श्रद्धालु उपस्थित थे। मंदिर समिति ने चेतावनी दी है कि जब तक दिल्ली स्थित हर श्रीनाथ मंदिर झंडेवाला की भूमि अधिकृत रूप से वापस नहीं दी जाती, हर 15 दिन पर व्यापक भजन-कीर्तन और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

**ज्वैलर्स शोरूम से ...**ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के माध्यम से आरोपी की पहचान करने में लगी हुई है, हालांकि अभी तक कोई ठोस सुराग नहीं मिला है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों की रात में निगरानी प्रभावी नहीं है, जिसका फायदा अपराधी उठाते हैं। राधिका ज्वेलर्स की चोरी ने इस खतरे को फिर से उजागर कर दिया है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में भय और असुरक्षा का माहौल है। व्यापार मंडल ने शीघ्र खुलासे की मांग करते हुए क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था लागू करने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। इस घटना ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा और सख्ती की आवश्यकता को स्पष्ट कर दिया है।

**कार और बाइक...**लगातार सड़क हादसे होते रहते हैं। अवैध कट, तेज रफ्तार और यातायात नियमों की अनदेखी इन दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण हैं। आंकड़ों के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में इस हाईवे पर 30 से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से हाईवे पर सुरक्षा इंतजाम मजबूत करने और अवैध कटों को बंद करने की मांग की है।

**फर्जी बीएलओ...**वोटर लिस्ट का मिलान कर रहा था इसी दौरान उपरोक्त मोहल्ला निवासी आशा देवी पत्नी रमेश चंद्र का पुत्र अजय बाबू अपने साथी बृजेश पुत्र फतेह सिंह के साथ वहां आ धमका और गाली गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गया। आरोपी ने कहा कि तू फर्जी बीएलओ है भाग जा यहां से नहीं तो जान से मार दिया जाएगा।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर ;उत्तराखण्डद्धसे मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
पफोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# संपत्ति विवाद में महिला की आत्मदाह करने की धमकी से मचा हड़कम्प

रुद्रपुर। पुलिस कार्यालय में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब आवास विकास की रहने वाली एक महिला संपत्ति विवाद को लेकर हाथ में ज्वलनशील पदार्थ लेकर एसएसपी कार्यालय पहुंची। महिला के पहुंचते ही पुलिस कर्मियों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, पुलिस की सूझबूझ और तत्काल कार्रवाई से महिला को समझाया गया और अधिकारियों से मिलवाया गया। इसके बाद महिला शांत हुई और सुरक्षित रूप से घर लौट गई। महिला ने बताया कि उसका देवर तीन साल पूर्व ट्रांजिट कैंप में अपने परिवार के साथ रहने लगा और अब वह आवास विकास स्थित मकान पर कब्जा करना चाहता है। महिला का दावा है कि उसका देवर 28 साल तक उसके घर पर रहा। हाल ही में आवास



विकास चौकी में उसे बुलाया गया था, लेकिन जब वह पहुंची तो उसके देवर ने स्थानीय पार्षद और पुलिस की मदद से विवादित मकान का ताला तोड़कर कब्जा कर लिया। नाराज महिला ने पुलिस प्रशासन से मकान में कब्जा दिलाने की मांग की, लेकिन न मिलने पर आत्महत्या की धमकी दी। महिला पेट्रोल की बोतल हाथ में लेकर एसएसपी कार्यालय आई, लेकिन पुलिस कर्मियों ने सुरक्षा के साथ महिला से बोतल ले ली और उसे एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी से मिलवाया। एसपी सिटी ने महिला को आश्वासन दिया कि मामला निष्पक्ष रूप से जांचा जाएगा। एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी ने बताया कि महिला द्वारा उठाए गए संपत्ति विवाद के मामले की थाना ट्रांजिट कैंप के इंस्पेक्टर और आवास विकास चौकी इंचार्ज को जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सुभाष व्यापारी बने आम आदमी पार्टी की प्रदेश ऑर्डिनेशन कमेटी के सदस्य

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। आगामी उत्तराखंड विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर आम आदमी पार्टी ने संगठन को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसी क्रम में गदरपुर विधानसभा क्षेत्र से सक्रिय कार्यकर्ता सुभाष व्यापारी को पार्टी की प्रदेश ऑर्डिनेशन कमेटी का सदस्य नियुक्त किया गया है। देहरादून में आयोजित बैठक में आम आदमी पार्टी के नेतृत्व ने संगठन विस्तार और आगामी चुनाव की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि पार्टी उत्तराखंड की सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी और इसके लिए संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत किया जा रहा है। इसके तहत सभी विधानसभा क्षेत्रों से अनुभवी और सक्रिय



कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं। सुभाष व्यापारी के प्रदेश ऑर्डिनेशन कमेटी सदस्य बनने की खबर से गदरपुर क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। साथ ही, गदरपुर विधानसभा क्षेत्र से आगामी चुनाव में सुभाष व्यापारी की दावेदारी को लेकर भी चर्चा तेज हो गई है। पार्टी पदाधिकारियों ने बताया कि जल्द ही आम आदमी पार्टी द्वारा आधिकारिक रूप से उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की जाएगी। सुभाष व्यापारी के मनोनयन को गदरपुर विधानसभा क्षेत्र में संगठन को नई मजबूती मिलने के रूप में देखा जा रहा है, जिससे आगामी चुनाव में पार्टी की रणनीति और भी प्रभावशाली बन सकती है।

# सदगुरु की कृपा से ही ब्रह्मज्ञान की प्राप्तिः नेपाल चौधरी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। संत निरंकारी मिशन हल्द्वानी के तत्वाधान में एक विशाल सत्संग का आयोजन रामपुर रोड स्थित रामबाग के एक खुले प्रांगण में हुआ। जिसमे दिल्ली से पधारे संत निरंकारी मिशन के ज्ञान प्रचारक महत्मा नेपाल सिंह चौधरी अपने विचारों को सत्संग में व्यक्त करते हुए कहा कि मनुष्य जन्म दुर्लभ है ऐसा मानना सभी धर्म ग्रंथो का है। इस जन्म का लक्ष्य प्रभु प्राप्ति है। सद्गुरु अनादिकाल से ब्रह्मज्ञान प्रदान करते आ रहे हैं। हर इंसान को ब्रह्मज्ञान की आवश्यकता है। ब्रह्मज्ञान के बिना इंसान अधूरा है भ्रमों से घिरा हुआ है सदगुरु की कृपा से ही ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति हो सकती है। बाबा अवतार सिंह जी महाराज ने संपूर्ण अवतार वाणी में फरमाया है भक्ति लोग अभी न समझे प्रभु को पाना भक्ति है। तज के सारे भरम भूलेखे गुरु रिझाना भक्ति है। उन्होंने कहा



कि ये मनुष्य जन्म जो मिला है इसको हमे गवाना नहीं है बल्कि ईश्वर प्राप्ति करके प्रभु भक्ति में लगाना है। उन्होंने कहा कि जैसे श्री रामचरित मानस में कहा गया है कि जासु कृपा सब भरम मिट जाए।उमा सोई कृपाल रघुराई। आज सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज भी अपने विचारो में यही समझाते है कि सतगुरु द्वारा दिए गए ब्रह्मज्ञान से इंसान का पार उतारा हो सकता है और इसी ब्रह्मज्ञान से मनुष्य के सारे भ्रम समाप्त हो जाते हैं और जीवन सुहेला हो जाता है। अंत में ब्रांच संयोजक आनंद सिंह नेगी ने आई हुई समस्त साधसंगत व सेवादल के भाई बहनों का आभार व्यक्त किया।

# रुद्रपुर विधानसभा में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने पर मंथन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।कांग्रेस हाईकमान द्वारा रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर संगठनात्मक कार्यों के लिए नियुक्त प्रभारी मनोज खुलवे, शैलेंद्र शर्मा, नारायण हालदार तथा बीएलए प्रथम दिनेश पंत के रुद्रपुर आगमन पर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पूर्व पालिका अध्यक्ष एवं वर्ष 2022 की विधानसभा प्रत्याशी श्रीमती मीना शर्मा के आवास पर भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात प्रभारियों एवं बीएलए प्रथम द्वारा रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के गठन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। लगभग तीन घंटे तक चली इस महत्वपूर्ण बैठक में कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के लिए बीएलए का चयन सतर्कता, जांच-पड़ताल और मजबूती के साथ किए जाने पर गहन विचार-विमर्श हुआ। बैठक के दौरान प्रभारियों ने वर्ष 2022 में कांग्रेस की ओर से विधानसभा चुनाव लड़ चुकीं वरिष्ठ नेत्री श्रीमती मीना शर्मा तथा महानगर कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष



श्रीमती ममता रानी द्वारा की जा रही बूथ लेवल एजेंट गठन की प्रक्रिया की सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में चल रही कार्यवाही संतोषजनक है और उम्मीद जताई कि निर्धारित समय के भीतर यह प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी, जिससे संगठन को नई ऊर्जा और गति मिलेगी। इस अवसर पर श्रीमती मीना शर्मा द्वारा अपने आवास पर पहुंचे प्रभारियों एवं बीएलए प्रथम का शॉल ओढ़ाकर एवं फूल मालाएं पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में महानगर कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती ममता रानी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# ऐतिहासिक होगा उत्तराखण्ड रूद्रपुर महोत्सवः चंदौला

रूद्रपुर। ड्रीमर्स केयर फाउण्डेशन की ओर से आगामी 3 से 9 फरवरी को रूद्रपुर के मोदी ग्राउण्ड में प्रस्तावित 'उत्तराखण्ड रूद्रपुर महोत्सव' की तैयारियों जोरों पर हैं। कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे समाजसेवी एवं चंदोला होम्यापैथिक मेडिकल कालेज के एमडी डा. केसी चंदौला ने ड्रीमर्स केयर फाउंडेशन के डायरेक्टर दीपक पांडे और गेस्ट को ऑर्डिनेटर दीपक चराया के साथ देहरादून पहुंचकर पूर्व मुख्यमत्री भगत सिंह कोश्यारी, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या सहित कई मंत्रियों और विधायकों को कार्यक्रम का आमंत्रण पत्र सौंपकर कार्यक्रम पधारने का अनुरोध किया और कार्यक्रम के सम्बंध में विस्तार से जानकारी दी। जानकारी देते हुए डा. केसी चंदौला ने कहा कि उत्तराखंड की सांस्कृतिक, सामाजिक और कलात्मक पहचान को नई ऊँचाइयां देने के उद्देश्य से रूद्रपुर में यह भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव केवल एक



सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि रुद्रपुर और उत्तराखंड की सामाजिक एकता, सांस्कृतिक विविधता और युवा प्रतिभाओं को मंच देने का सशक्त माध्यम बनेगा। डा. चंदौला ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी होंगे। के. सी. चंदोला ने कहा कि इस ऐतिहासिक आयोजन में पर्वतीय समाज, पंजाबी समाज, बंगाली समाज, पूर्वांचल समाज सहित सभी वर्गों के लोग सक्रिय भागीदारी करेंगे। महोत्सव में मुंबई, दिल्ली एनसीआर, लखनऊ, बरेली, देहरादून और उत्तराखंड के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में कलाकार, गायक, सामाजिक कार्यकर्ता और दर्शक शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव के माध्यम से स्थानीय और उभरते हुए कलाकारों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलने का अवसर मिलेगा, जिससे उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत को एक नई दिशा प्राप्त होगी। के. सी. चंदोला ने कहा कि "उत्तराखंड रुद्रपुर महोत्सव" आने वाले वर्षों में प्रदेश का प्रतिष्ठित सांस्कृतिक महोत्सव बनेगा।

# फर्जी हस्ताक्षर करने पर उर्दू अनुवादक को किया निलंबित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सितारगंज के खण्ड विकास अधिकारी सीआर आर्या के फर्जी हस्ताक्षर कर बैंक में जमा किये जाने को मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी ने गम्भीरता से लेते हुए सम्बन्धित को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया। विकास खण्ड कार्यालय में तैनात उर्दू अनुवादक वसीम कुरैशी ने बीडीओ के फर्जी हस्ताक्षर कर चैक बैंक में जमा किया गया। यह कृत्य को विभागीय अनुशासनहीनता व घोर उलंघन है बल्कि दण्डनीय अपराध भी है। मुख्य विकास अधिकारी ने जांच उपरांत चैक पर फर्जी हस्ताक्षर पाये जाने पर गम्भीरता लेते हुए उर्दू अनुवादक वसीम कुरैशी को निलंबित कर दिया है।

